तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025


मरम्मत के बाद भी जूना बिलासपुर सड़क की हालत खराब है।






## शिक्षिका को 176 दिन का अवकाश, पूर्व डीईओ तिवारी के खिलाफ अब होगी जांच, वतर्मान डीईओ तांडे रिश्वतखोरी के मामले में फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

शिक्षा विभाग में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। पुराने डीईओ रहे अनिल तिवारी के खिलाफ युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी, शिक्षिका को 176 दिनों का अवकाश देने के साथ ही दूसरे मामलों को लेकर जहां मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है तो वतर्मान डीईओ विजय तांडे को विधवा शिक्षिका से 1.24 लाख रिश्वत मांगने के मामले में लोक शिक्षण संचालनालय ने नोटिस देकर जवाब मांगा है। अनिल तिवारी के मामलें ज्वाइंट डायरेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम का गठन भी कर दिया है।

गौरतलब है कि युक्तियुक्तकरण में प्रभावित चेहते शिक्षकों को बचाने के लिए शिक्षा अधिकारियों ने कई दांवे खेल। इसी में चिंगराजपारा स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी अंजू शर्मा का नाम अतिशेष होने के कारण युक्तियुक्तकरण में आया। इसलिए काउंसिलिंग में शामिल होने के बाद अंजू शर्मा को चिंगराजपारा स्कूल से हटाकर अधिक दर्ज संख्या वाले मस्तूरी ब्लॉक के प्राथमिक शाला, रहटाटोर में किया गया।

- ज्वाइंट डायरेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम का गठन भी कर दिया
- लोक शिक्षण संचालनालय ने नोटिस देकर 7 दिनों में जवाब मांगा




### मंत्रालय ने शुरू कर दी जांच

शिक्षिका को 176 दिनों का अवकाश देने के साथ ही दूसरे मामलों को लेकर जहां मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है। इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है।

- **आरपी आदित्य,** ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग

### मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव से शिकायत

शिक्षिका को चिंगराजपारा से कार्यमुक्त कर दिया गया। इसके बाद शिक्षिका ने जिला शिक्षा अधिकारी रहे अनिल तिवारी को संतान पालन का आवेदन दे दिया। संतान पालन का आवेदन बीईओ के माध्यम से डीईओ ऑफिस आना था, लेकिन डीईओ ने सीधे शिक्षिका अंजू का 176 दिनों का संतान पालन स्वीकृत कर दिया। शिक्षका अंजू चिंगराजपारा स्कूल से कार्यमुक्त हो गई थी। वहीं रहटाटोर में ज्वाइनिंग नहीं की है। ऐसे में उसका संतान पालन भी स्वीकृत नहीं हो सकता था। तब भी डीईओ ने उसका संतान पालन स्वीकृत कर दिया। इस मामले की पूरे दस्तावेजों के साथ मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव से शिकायत की गई थी। अब मंत्रालय के आदेश पर मामले की जांच के लिए संयुक्त संचालक आरपी आदित्य ने जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली, जिला शिक्षा अधिकारी जीपीएम और जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा की तीन सदस्यीय टीम बनाई है। मामले में बिल्हा बीईओ को भी बयान के लिए बुलाया जाएगा।

### जांच रिपोर्ट में क्लर्क व तत्कालीन बीईओ पाए गए हैं दोषी

बिलासपुर के नए डीईओ विजय तांडे को भी डीपीआई ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सात दिन में जवाब मांगा है। ध्यान रहे कि डीईओ विजय तांडे इससे पहले कोटा के बीईओ थे। उस समय उनके खिलाफ एक विधवा महिला शिक्षिका नीलम भारद्वाज ने 1 लाख 24 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। कोटा के ओछिनपारा में पदस्थ शिक्षिका ने तत्कालीन कलेक्टर अवनीश शरण को जनदर्शन में बीईओ के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत के बाद मामले की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई। जांच कमेटी ने 21 मार्च को रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दिया। रिपोर्ट में क्लर्क व तत्कालीन बीईओ विजय ठंडे दोषी पाए गए थे। जांच में यह बात सामने आई थी कि बीईओ विजय तांडे और लिपिक एकादशी पोर्ते ने मिलकर महिला शिक्षिका का करीब डेढ़ माह तक भुगतान रोक रखा है। रकम शिक्षिका के खाते में जमा कराने के बजाय तत्कालीन बीईओ और वर्तमान डीईओ विजय टांडे अपने अकाउंट में जमा करवा लिया। दिसंबर से निकला हुआ पैसा मार्च तक उनके खाते में ही रहा। जांच प्रतिवेदन संचालनालय को भेजा गया था। लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन आज

**बिलासपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार 14 अगस्त को सुबह 8 बजे से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ नेहरू चौक से शुरू होकर मुख्य डाकघर, देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, सदर बाजार, गोलबाजार, मानसरोवर चौक होते हुए पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय परिसर में संपन्न होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वतंत्रता दौड़ में शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### उप मुख्यमंत्री साव फहराएंगे तिरंगा



**बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को उप मुख्यमंत्री अरूण साव झंडा फहरायेंगे। मुख्य समारोह स्थल स्थानीय पुलिस परेड मैदान में सवेरे 9 बजे से शुरू होगा। समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रमों का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अनुसार सुबह 8.59 बजे मुख्य अतिथि अरूण साव का कार्यक्रम स्थल पर आगमन, 9 बजे ध्वजारोहण, 9.02 बजे राष्ट्रगान, 9.05 बजे परेड का निरीक्षण, 9.15 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, 9.35 बजे हर्ष फायर, 9.40 बजे मार्च पास्ट, 9.55 बजे स्कूली बच्चों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और 10.30 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** प्रयास आवासीय विद्यालय बालक एवं बालिका कक्षा 11 वीं वाणिज्य एवं कला संकाय में 64 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय कक्षा 11वीं गणित संकाय में 21 सीटे रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना आवेदन 20 अगस्त शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विभाग में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदन के उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 22 अगस्त को किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 24 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित की गई है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के आवेदन 26 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत बेलतरा के आंगनबाडी केंद्र क्रमांक 3 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 26 अगस्त तक आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा में बंद लिफाफे में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय सरकण्डा के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

## मुख्य वन कार्यालय में लगे थे पेड़, जहां अब दिखाई देते हैं ठूंठ
# पौधरोपण नहीं कर पाया वन विभाग हरे-भरे पेड़ पर चला दी कुल्हाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस वर्ष बारिश के मौसम में वन विभाग बिलासपुर ने कहीं भी एक पौधा तो लगाया नहीं, बल्कि अपने ही विभाग के प्रांगण में लगे हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी। पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाने के बाद जिस मुख्य वन संरक्षक कार्यालय का प्रांगण हरा-भरा दिखाई देता था, वहां केवल पेड़ के ठूंठ ही दिखाई दे रहे हैं।

पिछले कई वर्षो से बिलासपुर वन मंडल को पौधरोपण करने की जिम्मेदारी देना शासन की ओर से बंद कर दिया गया है। बिलासपुर वन मंडल अब जिला प्रशासन के साथ ही मिलकर कैम्पा, विभागीय और मनरेगा के तहत पौधरोपण उनका सहयोग करने का काम करती है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए वन विभाग बिलासपुर में लोगों को पौधे वितरण किए जाते थे, वह भी बंद हो चुका है। बिलासपुर वन मंडल के बजाय सामाजिक वानिकी लोगों को पौधे बांटने का कार्य कर रही है। कहीं भी किसी भी स्थान पर अगर पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जाती है, तो उसके लिए राजस्व के साथ फारेस्ट की अनुमति लेना लोगों के लिए आवश्यक होता है। इसके विपरीत कार्य बिलासपुर वन मंडल में किया गया है। दो दिन पहले ही बिलासपुर वन मंडल ने जोर शोर से वन चेतना केन्द्र में शासन की योजना एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत वन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें सभी ने मिलकर ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। वन महोत्सव का कार्यक्रम खत्म होने के बाद सारे संकल्पों को एक तरफा कर दिया गया है। बुधवार को बिलासपुर वन वृत्त के सीसीएफ कार्यालय में लगे हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई है। कुल्हाड़ी चलाने के बाद जिस स्थान पर पेड़ों के रहने से हरा-भरा रहता था, वहीं अब पेड़ के ठूंठ दिखाई दे रहे हैं।

### डगाल झुक गई थी

प्रांगण में जो पेड़ लगे थे, उसे काटा नहीं गया है। पेड़ की डगाल नीचे झुक गई थी, जिससे नुकसान होने की आशंका थी। इसकी वजह से उसकी छटनी करने के अलावा किनारे लगे खरपतवार की सफाई की गई है, ताकि प्रांगण में स्वच्छता बनी रहे।

- **जितेन्द्र साहू,** डिप्टी रेंजर बिलासपुर वन मंडल


शिक्षिका के घर में लगी खिड़की के टूटे कांच।

## रात तीन बजे शिक्षिका के घर व गाड़ियों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### महंगा पड़ा सहकर्मी को विवाद नहीं करने की समझाइश देना





बाहर खड़ी कार व टूटा हुआ रेलिंग।

सहकर्मी के घर जाकर पति पत्नी के बीच विवाद में समझाइश देना शिक्षिका को महंगा पड़ गया। रात 3 बजे सहकर्मी के पति ने साथियों के साथ उनके घर जाकर दहशतगर्दी मचाते हुए गाली गलौज करते हुए जमकर तोड़फोड़ कर दी, जिससे घर के बाहर खड़ी कार, साइकिल, रेलिंग, खिड़की में लगे कांच टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए। दहशत में शिक्षिका और उनके परिजन घर से बाहर नहीं निकले, जिससे वे बाल बाल बच गए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा सूर्या विहार निवासी शिक्षिका नेहा पाण्डेय पति सोनू प्रकाश ने रिपोर्ट लिखाई है। इसके अनुसार उनकी सहकर्मी मिनाक्षी शर्मा का उनके पति के साथ मनमुटाव चल रहा है। 10 अगस्त को उनके पति के द्वारा बुलाए जाने पर वे रात 10 बजे उनके घर जेपी विहार मंगला गई थीं। दोनों को समझाइश देकर वे अपने घर आ गई थीं। रात 3 बजे मिनाक्षी शर्मा का पति मुकेश शर्मा अपने साथी अभय दुबे, छोटू शर्मा के साथ उनके घर के बाहर आकर दरवाजा खटखटाकर जोर जोर से चिल्लाने लगा। डर से उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तो तीनों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर घर के बाहर खड़ी कार क्रमांक सीजी 10 बीएन, 7901, तीन साइकिल, रेलिंग, खिड़की में लगे कांच में जमकर तोड़फोड़ कर दी। तोड़फोड़ की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के साथ घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 324, 351, 2 के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ी, उपभोक्ता फोरम पहुंच रहे लोग
# 6 व 52 रुपए के लिए लड़ी लड़ाई और हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महज 6 और 52 रुपए के नुकसान को लेकर भी लोग उपभोक्ता फोरम तक पहुंच रहे हैं और न्याय मिलने तक पीछे नहीं हट रहे। ग्राहकों की सजगता और अधिकारों को लेकर बढ़ती जागरूकता का यह नतीजा है कि वे अब किसी भी तरह की धोखाधड़ी या सेवा में लापरवाही को नजरअंदाज नहीं कर रहे हैं।

- 90 दिन में मिलना है न्याय, कई मामलों में देरी हुई भी है तो ग्राहक हक पाने संघर्ष कर रहे

जिला उपभोक्ता फोरम में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें बेहद मामूली रकम के लिए भी उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराकर न्याय प्राप्त किया। इसमें आनलाइन शापिंग से लेकर आनलाइन बुकिंग के मामले हैं। खास तौर पर मेडिकल क्लेम के दावों के मामलों में जिला उपभोक्ता फोरम में परिवार अधिक दायर हो रहे हैं। उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला भी अधिक आ रहा है। वैसे तो उपभोक्ताओं को 90 दिन में न्याय मिलना है, लेकिन कई मामलों में देरी होती भी है तो ग्राहक हक पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।




### केस 1
### विज्ञापन वाले बैग के छह रुपए वसूले, पैसे लौटाने पड़े, फटकार भी

अरविंद नगर निवासी ने 2019 में शहर के एक माल से 583 रुपए का सामान लिया। इसमें कैरी बैग के भी छह रुपए उनसे वसूले गए। बिलिंग काउंटर पर उन्होंने बैग के पैसे देने से मना कर दिया, क्योंकि जो कैरी बैग दिया जा रहा था, उसमें दुकान का विज्ञापन था। शिकायत की तो स्टोर ने कोई एक्शन नहीं लिया। आखिर में उन्होंने उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। फोरम ने माना कि विज्ञापन वाले बैग के लिए राशि लेना गलत है। दुकान संचालक को आदेश दिया कि वह ब्याज समेत राशि लौटाए। इसके साथ ही मानसिक कष्ट और मुकदमे के पांच-पांच हजार भी चुकाने कहा गया।

### केस 2
### ऑनलाइन बुकिंग के बाद रूम नहीं दिया गया, होटल पर हर्जाना

फरवरी 2023 में खमतराई निवासी ने बिलासपुर से उज्जैन का रेल टिकट कराया। साथ ही ठहरने के लिए उज्जैन के नाकोड़ा पैलेस होटल में 1,790 प्रतिदिन किराए में 30 प्रतिशत एडवांस देकर एक कमरा भी बुक कराया। जब अप्रैल में वे पहुंचे तो उस होटल ने रूम नहीं दिया। बाद में उन्होंने दूसरी जगह ज्यादा किराया चुकाकर रात गुजारी। फिर जिला फोरम में परिवाद दायर किया। फोरम ने होटल पर 7,604 रुपए छह प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने और मानसिक कष्ट, मुकदमा खर्च के तौर पर 20 हजार रुपए चुकाने का आदेश दिया।

### केस 3
### कोचिंग ने बाकी फीस नहीं लौटाई

दयालबंद निवासी ने 2013 में अपनी बेटी को आइपीसीई-आइपीसीसी कोर्स के लिए कोचिंग में भर्ती कराया। दो ग्रुप की परीक्षा के लिए एक साथ पैसे देने पर छात्रा को पैकेज में छूट मिल रही थी। इसलिए दोनों ग्रुप के पैसे एक साथ दे दिए, लेकिन जब पेपर-1 में बेटी फेल हुई तो उन्होंने दूसरे पेपर की कोचिंग की बकाया राशि मांगी। मना किया तो जिला उपभोक्ता फोरम में पहुंचे। फोरम ने उनके पक्ष में फैसला दिया।

### शुरू हो गई ई फाइलिंग

उपभोक्ता के नुकसान के आधार पर भी शिकायत की जाती है। अगर नुकसान 20 लाख रुपए से कम का है तो जिला फोरम में इसकी शिकायत की जा सकती में है। 20 लाख से ऊपर और एक करोड़ रुपए से कम का नुकसान होने पर राज्य आयोग पर शिकायत दर्ज करानी होती है। अगर नुकसान एक करोड़ रुपए से ज्यादा है तो राष्ट्रीय आयोग पर शिकायत दर्ज होती है। वर्तमान में ऑनलाइन शापिंग में होने वाली धोखाधड़ी पर रोक लगाने ई-कामर्स रूल्स भी आए हैं। अब ई-फाइलिंग भी शुरू हो गई है।

- **आनंद कुमार सिंघल,** अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम

## कोरबा से पिकनिक मनाने आया युवक खूंटाघाट में डूबा

**बिलासपुर।** कोरबा से पिकनिक मनाने आया एक युवक नहाते समय खूंटाघाट बांध में डूब गया है। एसडीआरएफ की टीम बांध पहुंच गई, किन्तु अंधेरा होने के कारण उसकी तलाश शुरू नहीं की गई। गुरूवार की सुबह युवक की तलाश की जाएगी।

रतनपुर थाना के एएसआई दिनेश तिवारी ने बताया, मध्य प्रदेश बालाघाट डूगल निवासी विशाल मानकर पिता कन्हैया मानकर 26 साल कोरबा दीपका में रहकर ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। बुधवार को वे अपने दोस्त मनोज कुमार, चंदन सिंह, अश्वनी सिंह, आनंद गोस्वामी, हेमंत तावड़े के साथ रतनपुर खूंटाघाट पिकनिक मनाने आए थे। दिन भर घूमने के बाद शाम 5.30 बजे खाना खाने के लिए बाद विशाल मानकर नहाने के लिए डैम में उतर गए। नहाने के दौरान वे गहराई में जाकर डूब गए। विशाल मानकर के नहीं आने पर उसके दोस्तों ने जाकर देखे तो वे नजर नहीं आए। खोजबीन करने पर भी उनका पता नहीं चल पाया। इस पर दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम खूंटाघाट डैम पहुंच गई। अंधेरा होने पर एसडीआरएफ की टीम डैम में नहीं उतर पाई। गुरूवार की सुबह टीम के द्वारा युवक की डैम में तलाश की जाएगी।


बिलासपुर संभाग के राजनीति चाणक्य कहलाने वाले
जिला अध्यक्ष बड़े भैय्या
विजय केशरवानी जी (भाऊ)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती संतोषी शिव यादव
अध्यक्ष-महिला स्व. सहायता समूह
शिव यादव
पूर्व पार्षद
विनीत-शिव यादव, पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 06, नगर निगम बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद कैदी करते हैं गौ सेवा



**बिलासपुर।** केंद्रीय जेल बिलासपुर में अखिल भारतीय मंच दिवाकर जैन गौशाला 2006 में स्थापित कर केवल 11 गाय से शुरू किया गया था। वर्तमान में गौशाला में लगभग 130 गाय हैं, जिनकी सेवा जेल बंद कैदियों के द्वारा की जाती है। सुबह शाम मिलकर लगभग 90 लीटर दूध का उत्पादन होता है, जिसे बेचा जाता है। इसके साथ ही गाय के गोबर से अन्य उत्पाद भी बनाए जाते हैं। खाद गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेष पटेल ने सेवा कर रहे कैदियों से बात करते हुए गाय सेवा करने के फायदा बताते हुए कहा कि बहुत जल्द ही गो कास्ट और गौ मूत्र के लिए योजना बना कर कार्य शुरू करे इसके लिए शासन की ओर से मदद मिलेगी। उन्होंने पूरे गौ शाला का निरीक्षण किया और भूमि विस्तार की योजना बनाने जेल प्रशासन करने को कहा। गौ शाला की देखभाल करने वाले दिवाकर जैन समाज के लोगों से मुलाकात कर इस कार्य को करने के लिए समाज को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उनके साथ सुधीर जैन, महिपाल सुराना, सुनीता जैन, एमआईसी मेम्बर संजय यादव, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख मनीष मोटवानी, जैन मेहकर महाराष्ट्र की सुनीला जैन, डॉ.ओतलवार, जितेंद्र चौबे सहित जेल के अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्रों एवं शिक्षकों को दी गई अग्नि शमन की जानकारी

**बिलासपुर।** पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. संजना तिवारी एवं प्राचार्या श्रीमती श्वेता



सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को विद्यालय परिसर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अग्नि शमन और आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता विकसित करना था। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को अग्निशमन यंत्रों के प्रकार, उनके सही उपयोग, आग लगने पर सुरक्षित निकासी के तरीके तथा प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में समझाने के साथ फायर डेमो भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्रों ने प्रत्यक्ष रूप से आग बुझाने की प्रक्रिया देखी। प्राचार्या श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सतर्कता बढ़ाती है, जिससे वे न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करने और आपात स्थितियों में घबराने के बजाय सजग रहने की सलाह दी। पूरे कार्यक्रम में छात्रों में सीखने का उत्साह और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट दिखाई दिया।

### यूथ फॉर नेशन अध्यक्ष प्रतिज्ञा सम्मानित

**बिलासपुर।** 7 अगस्त को को समेकित चेतना (चेतना के सातो आयामो का समावेश) कार्यक्रम के आयोजन में



सियान चेतना मित्रो का सम्मान किया गया। इसके साथ ही सभी सामाजिक संस्थाताओ को सम्मानित किया गया। इसमें यूथ फॉर नेशन संस्था की अध्यक्ष प्रतिज्ञा सिंह भी सम्मानित हुई हैं। सम्मानित की प्रतिज्ञा यूथ फॉर नेशन चेतना के सातो आयामो के आयामों मे जनता को सचेत करने मे अपनी भागीदारी निभाती रही हैं।

## निधन

### श्रीमति आशा सिंह

**बिलासपुर।** पूर्व विधायक स्व बलराम सिंह की पत्नी



श्रीमति आशा सिंह का बुधवार की सुबह 4 बजे 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार की दोपहर 3 बजे नेहरू नगर अर्चना विहार से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। यहां शोक सभा आयोजित कर शहर के गणमान्य नागरिकों, परिजनों की उपस्थिति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे कांग्रेस सचिव आशीष सिंह ठाकुर, आलोक सिंह, अखिल सिंह, आदित्य सिंह की माता तथा तखतपुर की पूर्व विधायक रश्मि सिंह की सास थीं।

### दर्शन सिंह



**बिलासपुर।** व्यापार विहार निवासी दर्शन सिंह का मंगलवार 12 अगस्त को हैदराबाद में आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 12 अगस्त को उनके निवास साई शरण परिसर व्यापार विहार से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे सुरेंद्र सिंह व रिंकू सिंह के पिताजी थे।

### विष्णु प्रसाद दुबे



**बिलासपुर।** ग्राम बासीन निवासी विष्णु प्रसाद दुबे का 85 वर्ष की आयु में मंगलवार 12 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक विरेंद्र दुबे, राजेंद्र व सुरेंद्र दुबे के पिताजी थे।

### आदित्य राव मराठा



**सेमरताल।** ग्राम सेमरताल निवासी आदित्य राव मराठा का 17 वर्ष की आयु में बुधवार 13 अगस्त की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे कोमल राव मराठा के सुपुत्र थे।

### मंत्री, विधायक समेत नेता व कार्यकर्ता हुए रैली में शामिल

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा दिखाया देश भक्ति का जज्बा





**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार शाम मोटरसाइकिल रैली कर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा रैली में केंद्रीय राज्य मंत्री समेत भाजपा के विधायक, नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा बाइक रैली की शक्ल में दयालबंद के जगमल चौक से निकाली गई जो गांधी चौक हटरी चौक जवाली नाला होते हुए सिटी कोतवाली चौक, गोलबाजार से सदरबाजार, देवकीनंदन दीक्षित चौक से होकर यात्रा का नेहरू चौक में समापन हुआ। इस दौरान देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बड़े ही उत्साह से हाथों में तिरंगा ध्वज लहराते हुए दिखे। यात्रा में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला स्वयं बाइक चलाकर यात्रा का नेतृत्व किया। छग राज्य अक्षय ऊर्जा अभिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी बिलासपुर, महापौर पूजा विधानी और भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय ने भी रैली का मोर्चा संभाला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल व दीपक सिंह, महामंत्री यश मनहर, जनक देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रदेश और जिला भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी जिले अंतर्गत आने वाले मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी, युवामोर्चा, महिला मोर्चा और विभिन्न मोर्चा,प्रकोष्ठों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

#### तिरंगा राष्ट्रीय एकता अखंडता का प्रतीकः तोखन

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि कि तिरंगा यात्रा का अभिप्राय देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करना है। तिरंगा हमारी आन बान और शान है। तिरंगा के सम्मान के खातिर हमारा जीवन समर्पित है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की कविता का किया।

#### देश में उसाह का वातावरणः धरमलाल

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने तिरंगा यात्रा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर देश के लोग उत्साह से भरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि देश में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व जन-जन का पर्व बनें इस उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

#### भाजपा निकालेगी मौन जुलूस

विभाजन में हुए विभीषिकाओं को याद करने के लिहाज से 14 अगस्त को दोपहर 3 बजे भारतीय जनता पार्टी एक गोष्ठी का आयोजन कर मौन जुलूस निकालेगी। भाजपा विभाजन वक्त हुए प्रतिकूल परिणामों पर देवकीनंदन दीक्षित सभागार में एक परिचर्चा कार्यक्रम करेगी, जिसे मुख्य वक्ता के रूप छत्तीसगढ़ शासन में डिप्टी सीएम अरुण साव संबोधित करेंगे। इसमें जिले के सभी विधायक और पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे। मौन जुलूस लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान से तेलीपारा होते हुए सीएमडी महाविद्यालय मैदान के लिए प्रस्थान करेगा।

# एयू कार्यपरिषद में छाया रहा आटोनामस मुद्दा

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में बुधवार को कार्यपरिषद की बैठक में आटोनामस का दर्जा मामला छाया रहा है। बैठक में डीपी विप्र कालेज के आटोनामस संबंध में लंबी चर्चा हुई, किन्तु डीपी कालेज को आटोनामस का दर्जा देना है कि नहीं, इस पर कोई फैसला नहीं हो पाया। वहीं राजभवन की ओर से डीपी कालेज का जो निरीक्षण कराया गया है उसका भी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी को प्राप्त नहीं हुआ है।

- डीपी विप्र कालेज को आटोनामस घोषित करने का नहीं हुआ फैसला

डीपी विप्र कालेज के आटोनामस का विषय आज अटल यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद बैठक के एजेंडा शामिल नहीं था, लेकिन कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी व रजिस्ट्रार प्रो. तार्निश गौतम सहित सदस्यों की उपस्थिति में अतिरिक्त विषय के रूप में आटोनामस का मुद्दा उठाया और इस पर काफी देर तक बैठक में चर्चा होती रही। यूनिवर्सिटी की ओर से बैठक में यह बात भी रखी गई कि राजभवन की ओर से राज्यपाल के सचिव आर प्रसन्ना द्वारा डीपी विप्र कालेज का पिछले दिनों इसी सिलसिले में निरीक्षण किया गया था, किन्तु राजभवन का निरीक्षण रिपोर्ट अभी तक यूनिवर्सिटी को प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए लंबी चर्चा के बाद डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा देना है कि नहीं इस पर फैसला नहीं हो सका है।



#### कोई निर्णय नहीं हुआ

यूनिवर्सिटी में आज दोपहर को कार्यपरिषद की बैठक हुई है। इसमें सामान्य रूप से एजेंडों को रखा गया था और उन पर चर्चा हुई है। बैठक में डीपी विप्र कालेज के आटोनामस मामला भी उठा था और उस पर चर्चा हुई है कोई निर्णय नहीं हुआ है।

-प्रो. तार्निश गौतम
रजिस्ट्रार, एयू

#### इन विषयों पर भी हुई चर्चा

कार्यपरिषद की बैठक में पिछले कार्यपरिषद की बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन एवं लिए गए निर्णयों की संपुष्टि की गई साथ ही प्रगति और पालन प्रतिवेदन रखा गया। इसके अलावा एसएस कालेज ऑफ एजुकेशन सारबहरा, पेण्ड्रारोड में प्राचार्य पद पर नियुक्ति के लिए चयन समिति से प्राप्त कार्यवृत्त अनुमोदन के लिए रखा गया था। इसी तरह दानदाताओं द्वारा स्वर्ण पदक के लिए एक-एक लाख की राशि दिए जाने के प्रारुप का अनुमोदन किया गया।

# एनटीपीसी कर्मचारियों, महिला समिति ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत में कार्यरत कर्मचारियों ने दिवंगत स्वार्गीय श्याम कुमार, ग्राम पोंड़ी तथा स्वर्गीय प्रताप सिंह ग्राम पोंड़ी के परिवार को आर्थिक रूप से सहायता करने का निर्णय लिया।

कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से सहयोग राशि जमा करने की अपील की। इस अपील के माध्यम से कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से अंशदान से 7 लाख 19 हजार 400 रुपए सहयोग राशि के रूप में जमा हुई। इसके अलावा एनटीपीसी की कल्याणकारी क्लब संगवारी महिला समिति के प्रयास से प्रत्येक पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की सहयोग राशि यानि कुल रुपए 50 हजार रुपए प्रदान किए गए। प्रत्येक दिवंगत के परिवार के आश्रितों को 3 लाख 84 हजार 700 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

आर्थिक सहयोग की राशि पीड़ित परिवार के आश्रितों को तहसीलदार सीपत, जन प्रतिनिधि, सीपत पुलिस तथा मीडिया प्रतिनिधि की उपस्थिति में दी गई। विदित हो कि दिवंगत प्रत्येक संविदा श्रमिक के परिवार को तत्काल 50 हजार रुपए नकद दिवंगत के अंतिम संस्कार के लिए 6 अगस्त को प्रदान किया गया था, जबकि दिवंगत के आश्रितों को सीपत तथा ठेकेदार मेसर्स गोरखपुर कन्स्ट्रकशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 5-5 लाख रुपये मुआवजा तथा ईएसआई के तहत मिलने वाली पेंशन सुविधा प्रदान करने की घोषणा हुई है। इसके अलावा संविदा पर अकुशल या अर्धकुशल श्रेणी में उनके आश्रित को रोजगार दिए जाने की भी घोषणा भी की गई है।

### आंगनबाड़ी के बच्चे स्कूल में ठोस निर्णय ले सरकार

**बिलासपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी बारह सूत्रीय मांगों के लिए बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। उनकी मांगों में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की लगातार कम होती संख्या भी शामिल है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत आंगनबाड़ी के बच्चे लगातार स्कूलों में भर्ती हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से इस विषय पर ठोस निर्णय लेने की मांग की है।कलेक्टोरेट परिसर में बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकताओं व सहायिकाओं ने सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पोषण ट्रेकर एप में बार-बार बदलाव किए जाने व उनके पास 5जी मोबाईल नहीं होने के कारण उनके पुराने मोबाईल में एप के कार्य नहीं करने के कारण 5जी मोबाईल उपलब्ध कराने व नेट खर्च बढ़ाने की मांग की गई। मध्यप्रदेश की तर्ज पर सालाना दस प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी व पर्यवेक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत छूट देने की मांग की है।

### सिम्स के दन्त चिकित्सा विभाग ने किया सफल डायग्नोसिस एवं ऑपरेशन

**बिलासपुर।** सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग ने दुर्लभ बीमारी गोर्लिन गोल्त्ज सिंड्रोम से ग्रसित व्यक्ति की बीमारी का डायग्नोसिस कर सफल ऑपरेशन किया है। कोरबा जिले के 35 वर्षीय मरीज रमेश यादव पिछले एक से डेढ़ साल से अलग-अलग जगह इलाज कराते रहे, किन्तु फिर भी उसे समुचित उपचार नहीं मिला, क्योंकि कोई सही डाइग्नोसिस ही नहीं कर पा रहा था। मरीज रमेश यादव सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग आने के बाद सबसे पहले मरीज का हिस्ट्री लिया गया। फिजिकल



एग्जामिनेशन किया गया, कुछ एक्स-रे लिया गया, बाईओप्सी की गई। इससे संबंधित ऑनलाइन डाटा सर्च किया गया। इस बिमारी को डाइग्नोस किया गया, जिसमें दंत चिकित्सा विभाग के डॉ.जण्डेल सिंह ठाकुर एवं डॉ.केतकी कीनीकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दंत चिकित्सा विभाग के डॉ भूपेंद्र कश्यप के निर्देशन एवं देखरेख में विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप प्रकाश एवं उनके टीम में शामिल डॉ.जण्डेल सिंह ठाकुर, डॉ. हेमलता राजमणि, डॉ.केतकी कीनीकर, डॉ.प्रकाश खरे, डॉ.सोनल पटेल, वार्ड बॉय ओमकारनाथ, लैब अटेंडेंट उमेश साहू के साथ निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ.मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन एवं उनकी टीम तथा नर्सिंग स्टाफ शामिल रहे।। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ.रमणेश मूर्ति ने बताया कि सिम्स के चिकित्सक नित नए बीमारियों के उपचार हेतु नवाचार कर ज्यादा से ज्यादा गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे है। संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.लखन सिंह के दिशा-निर्देश एवं डॉ. भूपेंद्र कश्यप के मार्गदर्शन में ऐसे गरीब मरीजों का आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज उपलब्ध करने में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स छत्तीसगढ़ में आगे है।



### व्यापारियों ने चलाया विदेशी कंपनी भारत छोड़ो अभियान

**बिलासपुर।** स्वदेशी जागरण मंच स्वालम्बी भारत अभियान देवकीनंदन ब्यपारी संघ केट एवं विभिन्न व्यापारी बंधुओ के संघ से मिलकर देवकीनंदन चौक पर विदेशी कंपनी भारत छोड़ो क्रांति का अभियान बिलासपुर में प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर देवकीनंदन चौक के व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश ललवानी, नारायण भाई, दयानंद तीर्थानी, राहुल चावला, कैलाश आइलानी, राजा जैसवानी, किशोर पंजवानी, केट अमर सिंह से प्रांत महिला प्रमुख श्रीमती अरुणा दीक्षित, देवेन्द्र कौशिक, नारायण गिरी गोस्वामी, भृगु अवस्थी, धीरेद्र केशरवानी, दीप्ती बाजपेयी, धीरज बाजपेयी, श्रीमती शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, श्रीमती किरण मेहता, श्रीमती लता गुप्ता, रिंकू मित्रा, राजेश मिश्रा, मनीष अग्रवाल, पूनम श्रीवास, स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य एवं केट संघ के गणमान्य जन उपस्थित थे। इस दौरान विदेशी कंपनियों का प्रतीकात्मक होली जलाई गई।

# सुरक्षा, सफाईकर्मियों ने एयू में किया प्रदर्शन, तोखन से मिले

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में ठेका कंपनी के अंतर्गत काम से निकाले गए सुरक्षा एवं सफाई कर्मियों ने बुधवार को यूनिवर्सिटी मेनगेट पर विरोध प्रदर्शन किया। इधर यूनिवर्सिटी भीतर कार्यपरिषद की बैठक चल रही थी और बाहर ये कर्मचारी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद सुरक्षा, सफाई कर्मियों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मिलने गए और उनसे मिलकर शिकायत की। अटल यूनिवर्सिटी में आज कार्यपरिषद की बैठक चल रही थी, उसी दौरान वहां काम से निकाले गए सुरक्षा व सफाई कर्मचारियों की भीड़ पहुंची। ये सभी निजी ठेका कंपनी के



अंतर्गत यूनिवर्सिटी में काम कर रहे थे, जिन्हें ठेका बदलने के बाद काम से बाहर कर दिया गया है। ये कर्मचारी मेनगेट के सामने एकत्रित होकर यूनिवर्सिटी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। यूनिवर्सिटी में काफी देर तक प्रदर्शन करने के बाद ये कर्मचारी केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मिलने शहर स्थित कार्यालय पहुंचे और उन्होंने मंत्री श्री साहू से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए उन्हें काम पर वापस रखे जाने की मांग की। उनका कहना था कि यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उन्हें नए ठेका में काम पर रखा जाएगा और उनसे बायोडाटा भी लिया गया था। लेकिन उन्हें काम में आने से मना कर दिया गया है। इस पर मंत्री श्री साहू ने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से फोन पर इस संबंध में चर्चा कर उन्हें समझाइश दी।

# सीवी रमन विवि में विश्व मूल निवासी दिवस का आयोजन

**बिलासपुर।** विश्व मूल निवासी दिवस के तारतम्य में डा सी वी रमन विश्वविद्यालय में उननत भारत अभियान कार्यक्रम बुधवार को विश्व मूल निवासी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनजातीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं सहायता समूह की महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने जनजातीय समाज के योगदान को बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव डा.अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जनजातीय क्षेत्र में स्थापित प्रथम निजी विश्वविद्यालय है, जिसका उद्देश्य जनजातीय छात्रों को उन्नत तकनीकी कौशल प्रदान करने हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान करना है। डा.सी वी रमन विश्वविद्यालय अपने स्थापना काल से ही लगातार इस दिशा में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित गोद ग्राम के सरपंच कमल बिंझवार ने विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान अंतर्गत गोद ग्रामों में किए जा रहे विभिन्न विकासत्मक गतिविधियों, रोजगार प्रशिक्षणों एवं जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए विश्वविद्यालय का आभार किया। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय की



वरिष्ठ जनजातीय संकाय सदस्य किरण तिगगा ने भी संबोधित किया। आभार डॉ.जयशंकर यादव एवं कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ.अनुपम तिवारी ने किया। सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला समूह के सदस्य राजकुमारी बिझवार सहित जनजातीय संकाय सदस्यों एवं स्टाफ का शाल श्रीफल से कुलसचिव एवं कुलपति दवारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर एके श्रीवास्तव, डॉ. श्वेता साव, डा.एस के तिवारी, डा.रश्मि वर्मा, डा.जयशंकर यादव, संयोजक डा.अनुपम तिवारी, स्मृति पटेल, प्रियंका भगत, रिचा कुर्रे, केशव दुबे सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, एनएसएस, एनसीसी छात्र-छात्राएं एवं गोद ग्रामों के पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मानवता की सेवा ही चमत्कार : कुलपति

**बिलासपुर।** भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ विक्रम साराभाई के 106 जन्मदिवस के अवसर साइंटिस्ट विक्रम साराभाई और विकसित भारत विषय पर डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर मानव समाज के लिए कार्य करने की बात कही गई। यह आयोजन रमन सेंटर फॉर साइंस, इंडियन सोसाइटी का रिमोट सेंसिंग, सेंटर फॉर रिन्यूएबल ग्रीन एनर्जी, अखिल भारतीय भौतिक परिषद एवं शीला एकेडमी जन सेवा समिति के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के वैज्ञानिक से डॉ.एसएस मोहनराज ने विक्रम साराभाई के जीवन पर केंद्रित अनेक बातों को सभी से साझा करते हुए कहा कि लगन और सपना हो तो कोई भी कार्य अधूरा नहीं होता उन्होंने हमेशा जनता और विद्यार्थियों के लिए जमीनी काम किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि मानवता के लिए सेवा ही चमत्कार है। हमें देश और समाज के विकास के लिए कार्य करने की दिशा में सोचना चाहिए। बहुत संभव है कि आज यहां उपस्थित विद्यार्थियों में भी कोई सुधांशु शुक्ला जैसा व्यक्तित्व निकले और भविष्य में हम उन्हें याद करें। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि महान लोगों के जीवन से हमें हमेशा प्रेरणा लेना चाहिए। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को पढ़ने और उन्हें याद करने से विद्यार्थियों के जीवन को दिशा मिलती है। विज्ञान के संकाय अध्यक्ष डॉ.एके श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन दिया और विक्रम साराभाई के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉक्टर अमित शर्मा सहित सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



इस स्वतंत्रता दिवस पर
मानसिक तनाव, टेन्शन, डिप्रेशन व चिंता (घबराहट)
आत्महत्या के विचारों सें आजादी का प्रयास
आईऐ ब्रेन एंड माईड क्लीनिक
फ्री मेंटल हेल्थ चेकअप कैम्प
15 अगस्त 2025, शुक्रवार | सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक



डॉ. अनिल कुमार यादव
एमबीबीएस, एमडी (मनोरोग),
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, एमएएन,
एमआईएएसपी, सलाहकार, अपोलो हॉस्पिटल,
बिलासपुर (मो. 8827750977)

- मनोचिकित्सक से सलाह
- साइकोथेरेपिस्ट द्वारा कॉन्सलिंग
- नि:शुल्क दवाई वितरण
- सस्ते में खून की जाँच
- निशुल्क बीपी,शुगर की जाँच

पंजीयन नंबर : 8827750977, 8878589380
कैम्प का स्थान
ब्रेन एंड माइंड क्लीनिक
शॉप नं ए-18, ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग चौक,
नारायण प्लाज़ा, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.) 495001
AdPRAYAS









डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## बढ़ती उम्र में जब हो अपच की समस्या



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से नहीं पचता। साथ ही कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-रामदेव, बहादुरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। बढ़ती उम्र में कई लोगों को यह समस्या आती है। इसके लिए आपको खान-पान में खास ध्यान देना पड़ेगा। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें, कोशिश करें कि अधिक तेल वाला खाना बिल्कुल ना खाएं। शाम को हल्का खाना खाएं और सोने से तीन-चार घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर झाइयां हैं। कई प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इन झाइयों को कैसे ठीक किया जाए? कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-पंकज, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपने झाइयों के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स यूज किए। आपने यह नहीं बताया कि यह प्रोडक्ट आपने अपनी मर्जी से इस्तेमाल किए या डॉक्टर की सलाह से? क्योंकि त्वचा में कोई भी क्रीम या लोशन बगैर डॉक्टर के सलाह के नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वही इसका ट्रीटमेंट बताएंगे, फिलहाल आप पानी का सेवन खूब करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के मौसम में कुछ भी ठंडा खाने पर मुझे छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-साकेत, बिलासपुर**

इस मौसम में गर्मी के मुकाबले तापमान में बदलाव आता है। कुछ लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिसकी वजह से ठंडा या गरम खाने से तुरंत प्रभाव पड़ता है और उसके इफेक्ट सामने आते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप फ्रिज में रखी या ठंडी चीज ना खाएं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फल खाएं।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे तलवों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं?**

**-दुर्गेश, भोपाल**

बगैर जांच किए आपकी समस्या के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। बेहतर होगा कि एक बार आप न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। क्योंकि कई बार मसल्स या न्यूरो से संबंधित समस्या भी हो जाती है। इसलिए लापरवाही न करें और डॉक्टर से संपर्क कर लें तो हर शंका का समाधान हो जाएगा।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। बरसात के मौसम में भीगने पर मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, रायगढ़**

आप बारिश के पानी से बचें क्योंकि सड़क में भरे पानी में कई बार नाली का पानी मिल जाता है, जो संक्रमण का कारण बनता है। इसलिए आप बारिश में सड़कों पर पानी में न जाएं। अगर जाना जरूरी भी हो तो पैरों में नारियल का तेल लगाकर ही जाएं, वापस आने पर गर्म पानी से पैरों को धोएं और ठीक से सुखा लें और फिर से नारियल तेल लगा लें। इस तरह राहत मिल सकती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आप भी इन दिनों यानी मानसून के दौरान डलनेस फील करते हैं तो परेशान ना हों। अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ योगासनों को शामिल कर लें। इनके अभ्यास से आपका मूड हैप्पी रहेगा और आप एनर्जेटिक भी फील करेंगे। योगासन किस तरह से मूड को करता है बूस्ट, बता रहे हैं डिटेल में।

## बारिश के मौसम में करें ये योगासन
# मूड रहेगा हैप्पी-एनर्जेटिक





बारिश के दिनों में जब मन आलस से भरा या बुझा सा रहता है, तो उस दौरान योग, नेचुरल मूड बूस्टर की भूमिका निभाता है। इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार होते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में कई बार वातावरण, मन-मिजाज पर भारी पड़ता है। लगातार बादलों का घिरा रहना, सूरज की गैरमौजूदगी, घर से बाहर निकलने में असुविधा और थकी हुई दिनचर्या, लोगों को मानसून ब्लूज या टेंपरेरी डिप्रेशन के घेरे में पहुंचा देता है। ऐसी स्थितियों में कुछ योगासन, बेहद असरकारी मूड बूस्टर का रोल निभा सकते हैं, जो ना केवल शरीर को सक्रिय रखते हैं बल्कि मन को भी स्फूर्तिदायक बनाते हैं। क्योंकि योगासन, ना केवल शरीर को स्ट्रेच करते हैं बल्कि दिमाग को भी रिफ्रेश करते हैं। ये हमारे शरीर के जरूरी हार्मोनों को सक्रिय करते हैं और इस तरह बारिश के मौसम में मूड को बढ़िया रखते हैं।

### रिलीज होते हैं सेरोटोनिन-एंडोर्फिन

सेरोटोनिन और एंडोर्फिन हार्मोंस, फील गुड हार्मोन कहलाते हैं और कई ऐसे योगासन हैं, जिनके करने से ये हार्मोन तेजी से रिलीज होते हैं। जैसे, धुंधले-धुंधले बारिश के दिनों में सूर्य नमस्कार करने से शरीर को गर्मी मिलती है और थकावट दूर भागती है। इसे करने से फील गुड हार्मोन पैदा होते हैं, जो हमारे मूड को खुशनुमा बनाते हैं। व्रजासन भी मानसून के दिनों के सुस्ती भगाने का महत्वपूर्ण योगासन है। इसके अलावा अन्य जो आसन बारिश के दिनों में फील गुड हार्मोन का स्राव बढ़ाकर हमारे मन-मस्तिष्क को सक्रिय और ऊर्जावान बनाते हैं, उनमें हैं- बालासन यानी चाइल्ड पोज और शवासन। बालासन करने से मन शांत और प्रसन्न होता है। इसी तरह शवासन भी बहुत फायदेमंद योगासन होता है, क्योंकि यह थकावट और चिड़चिड़ेपन दोनों में लाभकारी होता है। थकावट और चिड़चिड़ापन बारिश के दिनों में अकसर ही हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ऐसे में इन दिनों अगर नियमित रूप से ये आसन किए जाएं तो हमारे शरीर से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर घटता है। कोर्टिसोल, तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है, जो उन लोगों में बहुत कम रिलीज होता है, जो बारिश के दिनों में नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं और जो सक्रिय नहीं रहते, उन्हें ये दिन बेहद थकान और तनाव से भरे लगते हैं। कोर्टिसोल कम बनने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और तनाव से मुक्ति मिलती है। गौरतलब है कि कोर्टिसोल हार्मोन हमारी अनिद्रा, बेचैनी और डिप्रेशन के लिए भी जिम्मेदार होता है। जब कोर्टिसोल बनता ही नहीं तो या बहुत मामूली बनता है, तो हमें बारिश के दिनों में योग करने से विशेषकर बालासन और शवासन से तनाव से मुक्ति मिलती है।

### योग इसलिए जरूरी है

वास्तव में योग कोई दवा या लत नहीं है, यह बिना किसी साइड इफेक्ट के एक ऐसा अभ्यास होता है, जो हमारे शरीर को वही फायदे देता है, जो कई जड़ी-बूटियों और दवाओं से मिलता है। इसलिए बारिश के दिनों में बाकी किसी मौसम के मुकाबले कहीं ज्यादा योगासन करने की जरूरत होती है। इसके लिए घर पर मैट बिछाकर या खुले कमरे में चादर बिछाकर आराम से आधे से एक घंटे तक योगासन करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का बाहरी आवरण तो स्वस्थ और सुंदर बनता ही है, मन का भीतरी आवरण यानी मानसिक भावनाएं भी ऊर्जा से लबरेज हो जाती हैं, क्योंकि इन दिनों सूरज कम दिखता है, जिससे हमारे शरीर को जरूरी विटामिन डी और हैप्पी हार्मोन जैसे सेरोटोनिन मिलने कम हो जाते हैं। ऐसे में पूरा शरीर डल, थका-थका सा महसूस करता है। लेकिन योग इन्हीं दिनों अपने नियमित अभ्यास के कारण आपको न केवल थकान और डलनेस से बचाता है बल्कि इसी के कारण इन दिनों आप अस्वस्थ होने और संक्रमण से भी बचे रहते हैं।



### इन बातों का ध्यान रखें



**बारिश के** दिनों में योगासन करने से मूड बूस्ट होता है, लेकिन भूल करके भी इन दिनों नमी वाले फर्श पर योगासन नहीं करें। जिम में पहने जाने वाले टाइट-फिटेड ड्रेस पहन कर भी कभी योगासन नहीं करें। हल्के, कॉटन ड्रेस पहनकर ही योगासन करें। भोजन के कम से कम ढाई से तीन घंटे बाद ही मानसून के दिनों में आसन करें वर्ना पाचन की समस्या हो सकती है। इन दिनों अपने योगासनों में ध्यान को भी जरूर शामिल कर लें। इससे मन को ऊर्जा और शांति मिलती है।

### इसलिए कहते हैं मूड बूस्टर

योग को नेचुरल मूड बूस्टर इसलिए माना जाता है क्योंकि इसकी कुछ विशेष क्रियाएं शरीर के हार्मोनल बदलाव में बड़ी भूमिका निभाती हैं। इससे मन शांत, स्फूर्तिवान तथा मूड ऊर्जावान बनता है। बारिश के दिनों में योग करने से शरीर से एंडोर्फिन और सेरोटोनिन का जो स्राव होता है, ये दोनो वही हार्मोन हैं, जो हमारे दोस्तों के साथ खिलखिलाकर हंसने से पैदा होते हैं या फिर व्यायाम करने से पैदा होते हैं। इन दिनों नियमित तौर पर योगासन करने से हम अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं। विशेषकर अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उज्जाई तकनीकों से मस्तिष्क को ताजगी और शांति मिलती है।

### ऊब-अकेलापन भी करता है दूर

बारिश के दिनों में ऊब और अकेलापन भी एक बड़ी समस्या होती है। घर से जाकर मनोरंजन करने या मूड बदलने की हिम्मत नहीं होती और घर में पड़े-पड़े डिप्रेशन की गिरफ्त में हम आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में घर से बाहर निकलें, प्रकृति के बीच विचरण करें और योग करें तो इस तरह के सारे अकेलेपन के भाव दूर हो जाते हैं।

### ये आसन हैं कारगर

सूर्य नमस्कार करने से शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह महसूस होता है। बालासन करने से मन को शांति मिलती है, जो कई रसायनिक प्रक्रियाओं के साथ मन को स्फूर्तिदायक चेतना प्रदान करता है। सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम, व्रजासन तथा भ्रामरी प्राणायाम बारिश के दिनों में मन की सुस्ती और थकान को दूर करके दिल-दिमाग को ऊर्जा से लबरेज करते हैं। इन्हें भी अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। *




---

हर्बल जोन / रेखा देशराज

## फंगल इंफेक्शन-एलर्जी से बचाए एलोवेरा

बारिश के मौसम में एलोवेरा हमें फंगल इंफेक्शन और एलर्जी से बचाने के लिए एक इफेक्टिव नेचुरल प्लांट है। यह न केवल शरीर के बाहरी संक्रमण से हमें बचाता है बल्कि हमें भीतरी तौर पर भी मजबूती देता है। बारिश के दिनों में एलोवेरा के इस्तेमाल से हमारा पाचन दुरुस्त रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता हममें बरकरार रहती है। त्वचा विभिन्न तरह के मौसमी संक्रमण से बची रहती है और बाल जो इन दिनों बारिश के पानी आदि से खराब हो जाते हैं, उससे भी एलोवेरा हमारा बचाव करता है। इसका कारण यह है कि एलोवेरा में प्राकृतिक एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं।



**फंगल संक्रमण से बचावः** चूंकि बारिश के दिनों में वातावरण में नमी बहुत अधिक होती है, जो फंगल यानी फफूंदी के पनपने के लिए सबसे आदर्श स्थिति होती है। इस मौसम में शरीर के पसीने वाले हिस्सों जैसे पैर, बगल, गर्दन, पीठ पर फंगल इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस संक्रमण से खुजली होती है, जलन महसूस होती है, लाल चकत्ते पड़ जाते हैं या बदबूदार दाने निकल आते हैं।

**एलर्जी से बचावः** मानसून के दिनों में कई लोगों को त्वचा की एलर्जी बहुत परेशान करती है। जैसे पसीने से रैशेज, गंदे पानी से खुजली, मच्छरों के काटने से सूजन आदि का होना। ऐसे में एलोवेरा त्वचा की सभी समस्याओं से राहत दिलाता है। एलोवेरा जैल का इस्तेमाल करने से त्वचा में आई सूजन भी समाप्त हो जाती है। दरअसल, एलोवेरा में ग्लूकोमैनन और जिबरेलिन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा में किसी भी तरह से आई सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही एलोवेरा त्वचा को नमी देता है, जिससे इसकी ड्राइनेस और जलन खत्म होती है। इसका एंटी ऑक्सीडेंट गुण बारिश के दिनों में त्वचा को होने वाली विभिन्न नुकसानों की भरपाई करता है। इसका इस्तेमाल बहुत सरल है। एलोवेरा के जैल को एलर्जी वाली जगहों पर हल्के हाथों से लगाएं और जगह को बिना धोए ही छोड़ दें। मच्छर के काटने या खुजली में यह प्राकृतिक कूलिंग जैल की तरह का काम करता है।

**बरतें सावधानीः** एलोवेरा के इस्तेमाल के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप जिस एलोवेरा जैल का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सौ प्रतिशत शुद्ध है, इसमें किसी तरह की कोई सुगंध या रसायन की मिलावट न की गई हो। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर इसके इस्तेमाल से सावधान रहना चाहिए और यदि कोई विशेष दवा ले रहा है, तो उसे एलोवेरा का सेवन करने के पहले डॉक्टर की सलाह ले लेना चाहिए। *






हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# तिरंगे के रंग में सजा शहर

**स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के निकट आते ही पूरा शहर तिरंगे के रंग में रंगने लगा है। रामसेतु, इंदिरा सेतु, नूतन चौक सरकण्डा स्थित नगर निगम का काम्पलेक्स सहित अन्य भवनों को तिरंगे कलर की बिजली, बैलून व रीबन से सजाया गया है। यह दृश्य लोगों का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिरंगा भारत का राष्ट्रीय ध्वज है, जिसे 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। यह तीन रंगों केसरिया, सफेद और हरा रंग से बना है। सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का एक चक्र है, जिसे अशोक चक्र कहा जाता है। प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का अपना एक ध्वज होता है। यह एक स्वतंत्र देश होने का संकेत है। भारत के राष्ट्रीय ध्वज की ऊपरी पट्टी में केसरिया रंग देश की शक्ति और साहस को दर्शाता है। बीच में सफेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य का प्रतीक है। निचली हरी पट्टी उर्वरता, वृद्धि और भूमि की पवित्रता को दर्शाती है।





## अवार्ड

## 'बेस्ट सोशल अवेयरनेस' फिल्म का अवार्ड छत्तीसगढ़ी फिल्म स्क्रीन को

**बिलासपुर।** कटक में निर्मल पांडे स्मृति फिल्म फेस्टिवल का आयोजन बीजू पटनायक फिल्म और टीवी इंस्टिट्यूट में किया गया, इस दौरान देश एवं विदेश की विभिन्न फिल्मों को अवार्ड दिए गए।



इस फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्क्रीन को बेस्ट सोशल अवेयरनेस फिल्म का अवार्ड मिला यह अवार्ड फिल्म के अभिनेता और निर्देशक अखिलेश पांडे को दिया गया। यह अवार्ड बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता गोविंद नामदेव हाथों दिया गया, अखिलेश ने अपनी फिल्म की सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया और कहा कि यह अकेले नहीं बल्कि उनकी पूरी टीम की सफलता है, इस दौरान अखिलेश ने फेस्टिवल के डायरेक्टर अनिल दुबे का आभार जताया। अखिलेश ने बताया की फेस्टिवल के डायरेक्टर अनिल दुबे ने कटक में ही घोषणा की है कि अगले साल फेस्टिवल बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अनिल दुबे बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक हैं जिन्होंने चिड़ियाघर, लापतागंज, नीली छतरी वाले जैसे अनेकों सीरियल का निर्देशन किया है। इस संदर्भ में जब हमने अखिलेश से बात की तब उन्होंने बताया कि यह संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है की एक छत्तीसगढ़ी फिल्म को बेस्ट सोशल अवेयरनेस फिल्म का अवार्ड दिया गया।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव करेंगे ध्वजारोहण

# आजादी के जश्न के लिए सजा पुलिस मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल बुधवार की सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने अंतिम रिहर्सल में शामिल होकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुकूल कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाते हुए ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डों से परिचय, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का रिहर्सल किया गया। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। रिहर्सल के दौरान नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।







## स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य तिरंगा रैली निकालकर लोगों को राष्ट्र प्रेम और हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी का संदेश दिया जा रहा है।

रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम और हर घर तिरंगा जैसे नारे लगाते हुए गलियों और मुख्य मार्गों से गुज़रे और आम लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह से भागीदारी करने का संदेश दिया। शिक्षकों ने छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम के संघर्षों और बलिदानों की जानकारी दी एवं राष्ट्रीय ध्वज का महत्व, तिरंगा लहराने के नियम और राष्ट्रीय ध्वज संहिता के प्रावधानों को लेकर छात्रों को जागरूक किया। शिक्षकों ने बताया कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। वे इस जानकारी को अपने परिवार, मोहल्ले और गांव के लोगों तक पहुंचाएं, ताकि हर व्यक्ति इस अभियान से जुड़ सके और 15 अगस्त को अपने घर पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त करें। रैली के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पौधरोपण

## बंगाली स्कूल में लगाए गए पौधे लिया गया संरक्षण का संकल्प



**बिलासपुर।** सवेरा एक नई किरण वेलफेयर सोसाइटी ने बंगाली स्कूल रेलवे में पौधरोपण किया। इस दौरान फलदार व छायादार पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। सदस्यों का कहना है कि पेड़-पौधे न केवल हमारे वातावरण को स्वच्छ रखता है, बल्कि जीवन के हर पहलू में संतुलन बनाए रखता है। हमें प्रकृति को संवारने की इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाना चाहिए। इसी को ध्यान रखते हुए सवेरा एक नई किरण वेलफेयर सोसाइटी ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर देवाशिष घोष, पार्थो साहा, उत्तम डे, पूजा सचिव, डॉ पीयूष कांति, आशीष डे, उत्तम चक्रवर्ती, के श्रीदेवी, रितु लहरे, योगिता यादव, ममता विश्वकर्मा, राजश्री जाधव, ज्योति रेड्डी, अनिता साहू, मधुमिता चटर्जी, संजू यादव, शशि मिश्रा, सतीश सिंह, शारदा मिश्रा, रीना चक्रवर्ती, गीत सिंह, स्वास्तिका विश्वास, मनोहर, पंकज पटेल, मनीष सूर्यवंशी, आदित्य रजक उपस्थित थे।

# नशामुक्त जीवन जीने परिवार व दोस्तों का सहयोग महत्वपूर्ण





**बिलासपुर।** नशा हमारे समाज की एक जटिल समस्या बन चुका है, यह समस्या दिन-प्रतिदिन और गहरी होती जा रही है। यह न केवल एक व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता है। नशा, चाहे वह शराब, सिगरेट, ड्रग्स, या डिजिटल नशा हो, व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बर्बाद करता है।

उक्त व्यक्तव्य भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा ''नशा मुक्त भारत अभियान'' की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही। दीदी ने कहा कि नशा मुक्त जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। देश को नशामुक्त समाज बनाना, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पूरे अगस्त माह में पूरे भारत में जागरूकता सत्र, सामूहिक संकल्प तथा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन गतिविधियों के माध्यम से 3 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी उद्देश्य से जिले में स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संस्थान व सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, योग व ध्यान सत्र तथा सामूहिक शपथ समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। नशे की समस्या समाज के हर वर्ग में देखी जा सकती है। चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी। भारत जैसे देश में, जहां युवा आबादी अधिक है, नशा एक बड़ी चुनौती बन गया है। नशा मुक्ति अभियान भारत में नशे की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए एक संगठित प्रयास है। यह अभियान लोगों को नशे के खतरों से अवगत कराने, उन्हें सही मार्ग दिखाने, और नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। शराब, तंबाकू, सिगरेट, ड्रग्स जैसे नशे के पारंपरिक रूप तो आम हैं ही, लेकिन आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की लत ने नशे का एक नया और खतरनाक रूप ले लिया है।

# संकष्टी चतुर्थी पर राम मंदिर में 741 भक्तों ने कराया अभिषेक



**बिलासपुर।** संकष्टी चतुर्थी पर शहर के गणेश मंदिरों में पूजा, अभिषेक किया गया। राम मंदिर तिलकनगर में 151 वीं चतुर्थी अभिषेक पर विशेष हवन, पूजन हुआ। कुल 741 भक्तों ने अभिषेक कराया।

भगवान का श्रृंगार वर्तिका दिघ्रस्कर ने कराया। अभिषेक, पूजन का कार्यक्रम आचार्य मधुसुदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, गजानन पेंढारकर, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। प्रसाद में सामान्यतः सभी भक्तों के लिए चना, मोदक, केला, बूंदी, रबड़ी, पंचामृत दिया गया। जिन भक्तों ने अभिषेक हेतु रसीद कटवाए हैं उनके लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रहा। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 10 सितंबर बुधवार को होगा।



## कार्यक्रम

## जन्माष्टमी पर दो दिवसीय आयोजन का आगाज

**बिलासपुर।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर ग्रेंड लोटस जरहाभाठा में इस्कॉन प्रचार केंद्र द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जुगल किशोर दास, श्रीजीव गोस्वामी दास व सीए प्रशांत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया हैं कि स्मार्त की



जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शाम 6 से 8 बजे तक तथा वैष्णव की जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शनिवार सुबह 9 से 11 बजे व शाम 7 से 8 बजे तक श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा तथा शाम 6 से 11 बजे तक आमजनता के लिए निःशुल्क पंचगव्य,पंचामृत अभिषेक एवं भगवान के जन्म के उपरांत महाआरती व छप्पनभोग प्रसाद की व्यवस्था की जा रही हैं।

## पर्व

## सिंधी समाज की महिलाओं ने चंद्रमा को अर्ध्य देकर किया व्रत का पारण

**बिलासपुर।** शनिचरी पड़ाव स्थित भाई वरियाराम गुरुद्वारा में सिंधी समाज की सुहागन महिलाओं ने ट्रीजडी का आयोजन किया। इसमें पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई। समाज की कुंवारी कन्याओं ने भी मनवांछित वर मिलने की कामना के साथ उपवास रखा। गुरुद्वारा



प्रमुख कोमल वाधवानी ने पूजा संपन्न कराई। समाज की सरिता डोडवानी ने बताया कि सिंधी समुदाय तीज त्यौहार श्रद्धा और उमंग से मनाता है। तीज पर्व के दिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए सोलह श्रृंगार कर श्रद्धा पूर्वक उपवास रखा एवं ट्रीजडी माता की पूजा कर अखंड सुहाग की कामना की। शगुन के रूप में तड़के उठकर हल्का भोजन ग्रहण कर उपवास प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि ट्रीजडी पर्व के पहले आने वाली एकादशी के दिन किसी पात्र या बर्तन में मिट्टी डालकर सात प्रकार के अनाज डालकर भोजली उपजाई गई। ट्रीजडी के दिन सुहागिन महिलाओं द्वारा फल, फूल, जल चढ़ाकर भाई वरियाराम गुरुद्वारा में विशेष रूप से बनाए गए झूले पर ट्रीजडी माता को झूला कर विधि-विधान से पूजा एवं पति की दीर्घायु होने की भगवान शिव, माता पार्वती से मंगल कामना कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

कार्नर न्यूज

# असफलताओं को सफलता की सीढ़ी बनाना चाहिए, डीपीएस में शपथ समारोह

**दिल्ली पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के लिए वार्षिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता की भावना विकसित करना तथा आत्म-शासन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य अतिथि एसपी रजनेश सिंह ने परिषद सदस्यों को बधाई देते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने, प्रत्येक व्यक्ति में निहित समान और असीम क्षमता को पहचानने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि असफलताओं को सफलता की सीढ़ी बनाना चाहिए और अनुशासन, दृढ़ता तथा निष्ठा के साथ कार्य कर सफलता प्राप्त करनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में नेतृत्व की क्षमता होती है और उसे सामने लाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे मित्रों से दूर रहने की सलाह दी जो नशे की आदत के शिकार हैं साथ ही वर्तमान समय में विद्यार्थियों को कानून की भी अच्छी समझ का भी संदेश दिया। प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने स्वागत करते हुए छात्रों को उत्कृष्ट नेता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नव-निर्वाचित परिषद सदस्यों को बधाई दी और उन्हें आदर्श प्रस्तुत करने, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन नव-निर्वाचित छात्रा प्रमुख द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एस एन पाठक, प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती, स्टाफ सदस्य और छात्र उपस्थित थे। यह अवसर विद्यालय द्वारा अपने नवगठित छात्र परिषद में जताए गए विश्वास और भरोसे का प्रतीक बना, जिससे यह दिन सभी के लिए यादगार बन गया।






### ये स्टूडेंट बने हेड बॉय व गर्ल

स्कूल हेड बॉय प्रणम श्रीवास्तव,स्कूल हेड गर्ल इप्शिता शर्मा,वाइस हेड बॉय शौर्य मेहता,वाइस हेड गर्ल मीनाक्षी चौबे गेम्स कैप्टन आर्यन प्रसाद और तरुण्या शेंडे,वाइस गेम्स कैप्टन ऋत्विक सिंह पोटई और सुहानी अग्रवाल,सांस्कृतिक सचिव अद्वित्य आर और अचिन्त्य प्रजापति, वाइस सांस्कृतिक सचिव सात्विक अग्रवाल और श्रेया अग्रवाल,हॉस्टल कैप्टन अशुतोष प्रताप सिंह और रुचि बनी। इसी तरह हाउस कैप्टन ब्रह्मपुत्र सदन से विवेक अग्रवाल और विभा सिंह ठाकुर,गंगा सदन से सौजन्य सिंह राजपूत और तेजस्विनी शर्मा,कावेरी सदन से अंश चड्ढा और अरिशा कुरैशी,नर्मदा सदन से जयंत कुमार और जीविषा सिंह बनीं।

# विधायक अटल की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिया एंबुलेंस देने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करगीरोड कोटा




जीवन दीप समिति की बैठक में समिति ने केंदा क्षेत्र में एम्बुलेंस की कमी होने से क्षेत्रवासियों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाने की समस्या की जानकारी दी, जिस पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने बैठक के दौरान ही स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को फोन कर केंदा के लिए नई 108 प्रदान करने का निवेदन किया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने एक माह के भीतर एम्बुलेंस प्रदान करने हेतु विधायक को आश्वस्त किया। जीवन दीप समिति की बैठक में अटल श्रीवास्तव ने समिति की राशि का उपयोग आवश्यक दवाई, स्वच्छता, मरीजों के लिए पलंग, स्ट्रेचर, व्हील चेयर जैसे अति आवश्यक कार्यों के लिए करने को कहा।

अचल ने हॉस्पिटल में साफ-सफाई, आवश्यक दवाइयों के साथ डॉक्टर एवं स्टाफ के अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहने पर जोर देते हुए निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के यथा शीघ्र एवं सुव्यवस्थित निर्माण हेतु अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के संयुक्त समूह में निरीक्षण करने हेतु का सुझाव दिया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, आवश्यक संसाधनों की पूर्ति तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की एवं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सभी शिकायतों व सुझावों पर प्राथमिकता से करने की बात कही। बैठक में नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, जपं अध्यक्ष सूरज तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि शिवदत्त पांडेय, अरुण त्रिवेदी, सांसद प्रतिनिधि दुर्गेश साहू, जनपद सदस्य धर्मेंद्र देवांगन, अली बाबा कश्यप, एसडीएम नितिन तिवारी, सीईओ युवराज सिंहा, बीएमओ निखकेश गुप्ता, बीपीएम श्वेता सिंह सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**सीपत।** गुरुघासीदास विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित शहीद विनोद सिंह कौशिक मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह सीपत के लिए गर्व और गौरव का क्षण बन गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की कि, सीपत का नवाडीह चौक अब शहीद विनोद सिंह कौशिक के नाम से जाना जाएगा। इस ऐलान से सीपतवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई और उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, युवा पीढ़ी ही राष्ट्र का भविष्य है।

मेहनत, लगन और संकल्प से देश नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 2018 में नारायणपुर में माओवादियों से लड़ते हुए शहीद विनोद सिंह कौशिक ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी स्मृति में हर वर्ष आयोजित यह सम्मान समारोह पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि, डबल इंजन की सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद का अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है। नक्सल ऑपरेशनों में लगातार सफलता मिल रही है, और करोड़ों के इनामी नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

# शहीद कौशिक के नाम से जाना जाएगा नवाडीह चौक, सीएम का ऐलान



**शहीद कौशिक के नाम से जाना जाएगा नवाडीह चौक:** 2018 में नारायणपुर में माओवादियों से लड़ते हुए सीपत के सपूत शहीद विनोद सिंह कौशिक ने अपने प्राण देश के लिए न्यौछावर कर दिए। उनके अदम्य साहस और बलिदान को सलाम करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऐलान किया कि सीपत का नवाडीह चौक अब शहीद विनोद सिंह कौशिक के नाम से जाना जाएगा। घोषणा से समारोह स्थल तालियों की और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। सीपतवासियों के लिए यह क्षण गर्व और भावनाओं से भरा रहा। कार्यक्रम के संयोजक दिलेन्द्र कौशिल ने कहा कि यह सिर्फ चौक का नाम बदलना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शौर्य और देशभक्ति की प्रेरणा है।

# सेनानी शिलालेख पट्टिका स्थापित करने सीएम के नाम ज्ञापन



**मुंगेली।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलालेख पट्टिका स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से अतिरिक्त कलेक्टर को डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा मांग पत्र का ज्ञापन दिया गया। ज्ञात हो कि ग्राम देवरी महंत मुंगेली से लोरमी रोड पर 6 किलोमीटर दूर स्थित है जहां एक ही गांव से 22–22 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए जिले में लगभग 36 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। देश के किसी अन्य गांवों से इतनी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने की जानकारी नहीं है। यह गांव जिला मुंगेली ही नहीं वरन देश का गौरव बढ़ाने वाला गौरव ग्राम है गौरव ग्राम देवरी महंत में इन महान सपूतों की याद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक एवं प्रवेश द्वार तथा मुंगेली नगर के कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के बाजू में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम शिलालेख पट्टिका स्थापित की जाए। यह जिला प्रदेश तथा देश में अलग पहचान स्थापित करेगा। ऐसा करने से उन शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवार के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा श्री मुरलीधर मलघानी पिता स्व. गणेशराम मलघानी निवासी रोहिणी विहार फेस-2 जरहाभाठा बिलासपुर के नाम पर लेआउट परिवर्तित खुली भूमि मौजा तालापारा प.ह.नं. 22/35/49 रा.नि.मं. बिलासपुर जिला बिलासपुर के वार्ड नंबर 12 मदर टेरेसा वार्ड के रोहिणी विहार में स्थित भूमि का खसरा नंबर 71/27 शीट नंबर 5 भूखण्ड क्रमांक 276/27 रकबा 1995 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 3 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने। दिनांक-14/08/2025

भवदीय- विजय मंगलानी
निवासी बजरंग मंदिर के पास
सिंधी कॉलोनी तखतपुर
जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़
मो. 7000644849, 9302977774

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 20250825050003अ-2/2024-25
ग्राम झगरकापा प.ह.नं. 16

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. मुकेश पटेल पिता रामजी पटेल निवासी बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा ग्राम झगरकापा प.ह.न. 16 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 246, 247 रकबा 0.1580, 0.2830 हे. कुल रकबा 0.4410 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 19.08.2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार श्री अनिल साहू पिता भरतलाल उम्र 44 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम किरना थाना व तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा श्रीमती घुरवाबाई पिता स्व. बाबूलाल उम्र 60 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम घुरसेना तहसील नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम किरना प.ह.न. 13 रा.नि.म. व तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा न. 225/1 रकबा 0.2750 हेक्टेयर कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनो पक्षो के मध्य ईकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी हैं।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था या कोई वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी। अतः सूचना जानें।

भवदीय
रोहित कुमार, अधिवक्ता
पता :- तहसील कार्यालय पथरिया,
जिला मुंगेली (छ.ग.)
मो. 9754471588

### न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्रं............/2025
ग्राम चोरहा बुंदेली प.ह.नं. ..........

ग्राम चोरहा बुंदेली के आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनत कुमार आ. शोभई जाति............निवासी चोरहा बुंदेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम चोरहा बुंदेली प.ह.नं. 39 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 29/1, 34/1, 126, 127, 128 कुल रकबा 0.8250, 0.3240, 0.2310, 0.1130. 0.1700 हे. कुल रकबा 1.6630 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की खाता विभाजन हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 18/08/25 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुंगेली

### समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

ईश्तहार प्रकाशन नाम परिवर्तन बाबत्

मैं विनोद कुमार काछी आयु 46 वर्ष पिता श्री भैयालाल काछी, निवासी ग्राम सरवन देवरी, तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि:

1. यह कि मेरे पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड नंबर 6492 5405 2444 पर नाम एवं जन्म तिथि त्रुटिवंश काछी जन्म तिथि 30.03.2020 पिता श्री विनोद कुमार काछी दर्ज है, जो कि गलत है।
2. यह कि मेरे पुत्री के जारी जन्म प्रमाण पत्र में वास्तविक सही नाम वेदांत काछी जन्म तिथि 30.03.2021 पिता श्री विनोद कुमार काछी माता श्रीमती प्रीति काछी दर्ज है, जो कि सत्य व सही है, जिसके अनुसार ही अपने पुत्र के आधार कार्ड मे नाम एवं तिथि सुधार कराने हेतु दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित किया हूं।

शपथकर्ता- विनोद कुमार काछी

मैं विनोद कुमार काछी उपरोक्त शपथपत्र में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया गया।

शपथकर्ता- विनोद कुमार काछी

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

Telephone No. 07817222409
Email- cofo-jc-ct-@nic.in

(आदेश 5 नियम 20) (1-क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के तहत अनावेदक के उपस्थिति हेतु समंस

राजेंद्र कुमार महिपाल ................परिवादी
बनाम
दीपांकर गोस्वामी व अन्य........ विरुद्ध पक्षकार
प्रकरण क्रमांक सी.सी./2024/32
पेशी दिनांक- 19/08/2025

प्रति,
दीपांकर गोस्वामी चीफ मैनेजर मन्नापुरम फाइनेंस लिमिटेड मंगला चौक शाखा प्लाट नं.02 वार्ड नं.03 ग्राउण्ड फ्लोर संजय तरूण के सामने नेहरू नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. पिन नं. 495001

आवेदक राजेन्द्र कुमार महिपाल उम्र 33 वर्ष पिता श्री नभेराम महिपाल हाल मुकाम मुडपार (चु) थाना व तहसील पामगढ जिला जांजगीर चांपा के द्वारा अनावेदक कं. 01 के विरूद्ध क्षतिपूर्ति दिलाने हेतु उपभोक्ता परिवाद प्रस्तुत किया है, जिसमें आपको दिनांक 19/08/2025 को इस आयोग में दिन के 11 बजे शिकायत का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है आप आयोग में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हैं और जो इस वाद से सम्बधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके आयोग में हाजिर होने के लिए जो दिन व समय नियत किया गया है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत किया है इस आप नियत दिनांक व समय को अपना जवाब पेश करने के लिए तैयार रहे जिस पर आप अपने प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहतें है। यदि उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश या अन्य कोई अवकाश रहता है तो उक्त प्रकरण का निपटारा अगले कार्य दिवस को किया जावेगा। अतः आप को सूचित किया जाता है कि आपको ऊपर बताये गये तारीख व समय पर इस आयोग में उपस्थित नहीं होगें तो उक्त वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 11/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान :- जांजगीर, दिनांक- 11/08/2025

(प्रशान्त कुन्डू)
अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



## खबर संक्षेप



### आरक्षक पर हमला करने वाले युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**। बेसबाल से हमला कर आरक्षक का सिर फोड़ने वाले तीन हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 12 अगस्त की शाम 6.30 बजे कश्यप कालोनी गीताजंली नगर निवासी आरक्षक दिलीप सिंह के बेटे उत्कर्ष सिंह से एक लड़की व युवक विवाद कर रहे थे। लड़के ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। उसके बाद वे उत्कर्ष के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। जानकारी मिलने पर आरक्षक दिलीप सिंह ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट करते हुए बेसबाल से हमला कर सिर फोड़ दिया गया था। 13 अगस्त को पुलिस ने हमलावर कश्यप कालोनी निवासी आयुष वर्मा पिता अजीत वर्मा, हिमांशु वर्मा पिता भोलाराम, धीरज प्रजापति पिता छोटेलाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर**। चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 13 अगस्त को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली करबला चौक मेन रोड में एक युवक चाकू लहराकर दहशतगर्दी मचा रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कुम्हारपारा करबला चौक निवासी किशन यादव व जीत गढ़ेवाल शिव चौक कतियापारा निवासी को पकड़कर दो बटनदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दूसरी बार रोशनदान से घुसकर मोबाइल नकद रकम चोरी

**बिलासपुर**। रोशनदान से घर में घुसकर मोबाइल व नकद रकम चोरी कर ली गई है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। पूर्व में भी उनकी दुकान में चोरी हुई थी और चोर नहीं पकड़े गए थे।सकरी पुलिस के अनुसार, शिवेन्द्र कोरी पिता अशोक कोरी सकरी में मोबाइल दुकान चलाते हैं। 12 अगस्त की रात 10 बजे दुकान बंद कर वे घर चले गए थे। 13 अगस्त की सुबह 9 बजे दुकान खोलकर देखे तो सामान बिखरा पड़ा था और रोशनदान खुला हुआ था। उनकी दुकान से एक 31 हजार का नया मोबाइल व गल्ले में रखा 2 हजार रुपए नकद रकम गायब थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**। बेवा महिला को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला दो बच्चों की मां है। वर्ष 2019 करोना काल में उनके पति की मृत्यु हो गई। वह लोगों के घरों में काम कर दोनों बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। इसी दौरान जरहागांव खम्हरिया निवासी अविनाश जांगड़े पिता महेन्द्र जांगड़े कहीं से उनका मोबाइल नम्बर लेकर फोन करने लगा। 4 अप्रैल 2024 को वह घर में अकेली थी तो अविनाश जांगड़े घर में घुसकर अनाचार किया। रिपोर्ट लिखाने की बात कहने पर दोनों बच्चों को मार देनी की धमकी दी। उसके बाद शादी करने का भरोसा दिलाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। अब वह शादी करने से इनकार कर रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर आरोपी अविनाश जांगड़े को गिरफ्तार कर लिया है।

# शासन से स्वीकृत भवनों को 'जमीन' की तलाश

## जमीन का अंतिम चयन होते ही हो जाएगा निर्माण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन से स्वीकृत होने के बाद भी विगत लंबे समय से कुछ भवनों के निर्माण के लिए जमीन की तलाश पूरी ही नहीं हो पा रही है। बिलासपुर तहसील कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय एवं सिरगिट्टी के प्रस्तावित आईटीआई भवन इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। समय रहते जमीन की उपलब्धता हो जाने की स्थिति में अब तक इन भवनों का निर्माण पूरा हो चुका होता।

- तहसील कार्यालय, रजिस्ट्री आफिस व आईटीआई भवन का निर्माण अटका

किसी भी निर्माण के लिए जिले से प्रस्ताव भेजने के बाद शासन स्तर पर स्वीकृति नहीं मिलने या स्वीकृति के लिए सालों से इंतजार करने के मामले तो आमतौर पर सामने आते रहते हैं, लेकिन कुछ भवन निर्माण के मामले शहर के ऐसे भी हैं, जिनकी स्वीकृति हाथ में होते हुए भी केवल जमीन उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण इसका निर्माण अटका पड़ा है। नेहरू चौक स्थित तहसील के नए भवन का प्रस्ताव काफी पुराना है। भवन का निर्माण ऐसा प्रस्तावित है जो प्रदेश में सबसे गरिमामय हो। यह बात कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कई बार चर्चा के दौरान भी कही जा चुकी है। दिक्कत यह है कि आज तक भवन निर्माण के लिए भूमि का अंतिम चयन नहीं किया जा सका है। तहसील भवन के लिए कोनी में भूमि का अंतिम चयन किया जा चुका था, लेकिन स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा विरोध करने के बाद यह ठंडे बस्ते में चला गया।

### मिनी आईटीआई भी नहीं बना

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के पिछले कार्यकाल के दौरान सिरगिट्टी में मिनी आईटीआई स्थापित किया जाना प्रस्तावित किया गया था, लेकिन आज करीब पांच साल बाद भी भवन का निर्माण नहीं किया जा सका है। इसके पीछे भी आईटीआई द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं करा पाना मुख्य कारण है। विभागीय सूत्रों के अनुसार हाल ही में आईटीआई प्रशासन द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया की भूमि का चयन मिनी आईटीआई के लिए किया गया है, जिनमें टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण भी की जा चुकी है। बारिश के बाद निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकता है।



### रजिस्ट्री कार्यालय के लिए भी तलाश

रजिस्ट्री विभाग द्वारा भी वर्तमान भवन के काफी जर्जर होने के कारण अपना नया हाईटेक भवन बनाए जाने की प्लानिंग की गई है। इसके लिए शासन द्वारा 2 करोड़ 40 लाख रूपए का बजट तय किया गया है। इसके अंतर्गत बीते दिनों विभाग द्वारा कोनी, रमतला, लगरा एवं चिल्हाटी में भवन के लिए उपयुक्त भूमि का निरीक्षण किया गया था, लेकिन इनमें से किसी भी स्थान पर निर्माण का अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है।

### चिट्ठी-चिट्ठी खेल रहे पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग

बिलासपुर तहसील कार्यालय के नए भवन के निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग महीनों से चिट्ठी-चिट्ठी ही खेल रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा जमीन के चयन को लेकर पहले एसडीएम को अप्रैल महीने में पत्र भेजा गया था। पत्र का कोई जवाब नहीं आने की स्थिति में 12 जून को फिर पत्र लिखा गया। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस संबंध में एसडीएम बिलासपुर मनीष साहू द्वारा ईई पीडब्ल्यूडी सीएस विध्यराज से मुलाकात कर चर्चा की गई थी, लेकिन अंतिम रूप से स्थल चयन को लेकर कोई हल नहीं निकला।

### की जा रही जमीन की तलाश

तहसील कार्यालय कहां बनना है? इसका निर्णय उच्च स्तर पर होना शेष है। जमीन की तलाश लगातार की जा रही है। उपयुक्त स्थल का चयन होते ही आगे की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

**-मनीष साहू**, एसडीएम बिलासपुर

### तीन जगह देखी गई है जमीन

रजिस्ट्री आफिस के नए भवन के लिए कोनी, रमतला, चिल्हाटी व लगरा में जमीन देखी गई है। अंतिम निर्णय अभी नहीं लिया गया है। यह फिलहाल प्रक्रिया में है।

**-आरके स्वर्णकार**, उप पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

### हो गया है भूमि का चयन

आईटीआई सिरगिट्टी के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। टेंडर हो चुका है व ठेकेदार भी नियुक्त हो चुका है। बारिश के कारण भवन निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका है।

**-एके सोनी**, संयुक्त संचालक आईटीआई

## महाराणा प्रताप चौक पर वाहनों की कतार





**बिलासपुर**। महाराणा प्रताप चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट चालू होने के बाद भी यातायात व्यवस्थित नहीं हो पाया है। चौराहे पर रेड लाइट होने पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। पीछे के वाहनों को चौराहा पार करने में काफी समय लगता है। चौराहे के चारों ओर अब भी आटो चालकों का कब्जा रहता है। जिससे लगातार ट्रैफिक जाम होता है।

# ऑटो चालक ने ऑन ड्यूटी रेल कर्मचारियों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन बिलासपुर में आटो चालक ने ऑन ड्यूटी रेल कर्मचारी से मारपीट की है, जिसके खिलाफ कर्मचारियों ने मिलकर पुलिस में शिकायत कर कड़ी कार्रवाई करने मांग की है।

बिलासपुर के रेलवे कार्यालय में ट्रैक मेंटेनर देवप्रकाश साहू अल्ट्रासोनिक फ्ला डिटेक्टिव मशीन में कार्यरत हैं। बुधवार की सुबह देवप्रकाश अपने साथी कर्मचारी पुष्पेन्द्र ठाकुर के साथ बाइक से ड्यूटी करने जा रहे थे। रेलवे स्टेशन पार्सल कार्यालय के पास सांई मंदिर के सामने एक आटो चालक फरदीन उर्फ छोटू पीछे से आया और बिना इंडिकेटर दिखाए अपने वाहन को मोड़ने लगा। इस दौरान पीछे आ रहे पुष्पेन्द्र ठाकुर और देवप्रकाश साहू की बाइक बिना इंडिकेटर दिए आटो से टकरा गई। आटो चालक फरदीन उर्फ छोटू ने अपने साथियों के साथ उनसे गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। इसकी वीडियो फुटेज रेलवे के सीसी टीवी कैमरा में दर्ज हो गई है। घटना की सूचना ट्रैकमेंटेनर एसोसिएशन बिलासपुर जोन के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कौशिक को दी गई। श्री कौशिक ने यूएसएफडी के अधिकारियों के साथ मिलकर तत्काल उन्हें लेकर तारबाहर थाना पहुंचकर केस दर्ज कराया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त एवं मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम से एसोसिएशन के पदाधिकारी संजय गुप्ता और मणि शंकर कौशिक के साथ मुलाकात कर इस घटना पर कार्रवाई करने मांग की। राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि ऑन ड्यूटी कर्मचारियों के साथ जबरन बिना गलती के मारपीट करने वाले दोषी ऑटो चालक फरदीन के ऊपर कारवाई अगर नहीं की जाती है तो एसोसिएशन इस पर आगे एसपी से मिलाकर शिकायत कर कार्रवाई करने मांग करेगी।



रेल कर्मचारियों से मारपीट करते आटो चालक।

# ... आखिरकार बिना आधार कार्ड के ही बच्ची को देना पड़ा स्कूल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण देवरीडीह मिडिल स्कूल प्रबंधन द्वारा पिता-पुत्री को बिना प्रवेश दिए ही चलता कर देने के मामले को जिला शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए बच्ची को बगैर आधार कार्ड के ही स्कूल में प्रवेश देने की व्यवस्था करा दी है। बच्ची के पिता के पास ऑफलाईन जारी किया गया बर्थ सर्टीफिकेट था, लेकिन चॉइस सेंटरों द्वारा आधार कार्ड बनाने के लिए ऑनलाईन जारी किया गया बर्थ सर्टीफिकेट मांगा जा रहा था।

- बिना ऑफलाइन बर्थ सर्टीफिकेट के नहीं बन रहा था आधार, आधार के बिना स्कूल में प्रवेश भी नहीं

हरिभूमि द्वारा 'ऑफलाईन बर्थ सर्टीफिकेट से नहीं बना आधार, बिना आधार के स्कूल में प्रवेश नहीं, दो महीने से चक्कर काट रहा पिता ' शीर्षक के साथ दिनांक 8 अगस्त 2025 को प्रकाशित खबर को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा विभाग ने देवरीखुर्द निवासी छात्रा सीमा यादव पिता दूजेराम यादव के देवरीडीह मिडिल स्कूल में कक्षा पहली में प्रवेश की व्यवस्था करा दी है। ज्ञात हो कि वर्तमान में आधार कार्ड बनवाने के लिए बच्चों के ऑनलाईन पद्धति से जारी किए गए बर्थ सर्टीफिकेट को ही मान्य किया जा रहा है। ऐसे अनेक माता-पिता हैं, जिनके पास बच्चों के ऑनलाईन बर्थ सर्टीफिकेट न होकर ऑफलाईन तरीके से जारी बर्थ सर्टीफिकेट हैं, जिससे वे आधार कार्ड बनवाने के लिए लोक सेवा केंद्रों व चॉइस सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं। इस संबंध में जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु द्वारा ऑफलाईन पद्धति से विभिन्न वर्षों में जारी, लेकिन नहीं खुल रहे पोर्टल की वर्षवार अवधि की जानकारी राज्य कार्यालय को भेजी जा चुकी है, लेकिन केंद्र स्तर पर इस संबंध में कोई पहल नहीं होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।




हरिभूमि में प्रमुखता से छापी गई थी खबर

### दिलाया गया प्रवेश

आधार कार्ड के बिना बच्ची को शाला में प्रवेश नहीं मिलने की सूचना हरिभूमि की खबर के माध्यम से प्राप्त हुई थी। आधार कार्ड के बिना बच्चों को स्कूल में प्रवेश ही नहीं दिया जाना है ऐसे कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। बच्ची के स्कूल में प्रवेश की व्यवस्था करा दी गई है।

**-विजय तांडे**, डीईओ

# निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार से छात्रों ने की शिकायत, अवैध वसूली को लेकर हंगामा

**छात्रा से अंकसूची सुधारवाने के नाम पर अवैध वसूली का लगाया आरोप**



**बिलासपुर**। अटल यूनिवर्सिटी के नए रजिस्ट्रार तार्निश गौतम बुधवार दोपहर को शहर स्थित परीक्षा विभाग निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ विद्यार्थियों की भीड़ द्वारा हंगामा किया जा रहा था। रजिस्ट्रार को देखकर छात्रों ने उन्हें यूनिवर्सिटी के कर्मचारी द्वारा अंकसूची सुधरवाने के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायत की।

छात्रों ने बताया कि छात्रा सृष्टि सेन यूनिवर्सिटी से वर्ष 2020 में बीए एवं वर्ष 2022 में एमए की पढ़ाई की है, जिसमें उक्त छात्रा की अंकसूची में नाम गलत अंकित हो गया था, जिसे सुधरवाने के लिए छात्रा आज यूनिवर्सिटी गई थी। यूनिवर्सिटी में एक महिला कर्मचारी अंकसूची में सुधार करने के नाम पर छात्रा से 1600 रुपए की मांग की गई और उक्त राशि की रसीद भी नहीं मिलने की बात कही। इस पर छात्रा ने डीपी कालेज के आशीर्वाद पैनल के छात्रों को यह जानकारी दी। इसके बाद कुछ छात्रों की भीड़ यूनिवर्सिटी पहुंच गई और वहां हंगामा मच गया। इसी दौरान यूनिवर्सिटी के नए रजिस्ट्रार प्रो. तार्निश गौतम शहर स्थित परीक्षा विभाग का निरीक्षण करने पहुंचे थे। छात्रों ने रजिस्ट्रार से मिलकर इस संबंध में शिकायत की और उक्त महिला कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर रजिस्ट्रार ने इस मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। रजिस्ट्रार से मिलने वाले छात्रों में मनीष मिश्रा, निखिल सिंह, हेमराज, शुभ उपाध्याय, पीयूष, प्रकाश, पार्थ, अब्बास, प्रखर, रोशन, राजेन्द्र, सुरेश, आसिफ, जय, राजेन्द्र विशाल, प्रकाश रोहन, राहुल आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## चार माह से फरार सट्टा खाईवाल गिरफ्तार

**बिलासपुर**। आईपीएल मैच किक्रेट सट्टा खिलाने वाले चार माह से फरार खाईवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

15 अप्रैल 2025 को तोरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तितली चौक में दबिश देकर बाइक सवार शनिचरी बाजार वाल्मिकी चौक निवासी योगेश बोधवानी पिता उत्तमचंद बोधवानी 25 साल को पकड़ा। उसके पास से 1 लाख 50 हजार 320 रुपए, रजिस्टर, दो मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ करने के बाद उसके घर से 7 लाख 37 हजार 800 रुपए बरामद किया गया। कड़ाई बरने पर योगेश ने शहर के आईपीएल मैच में किक्रेट सट्टा खिलाने वाले अजय हरजानी, राहुल तेरसानी, राज चेतानी के लिए काम करना व उनके कहने पर आईपीएल किक्रेट में आनलाइन सट्टा खेलने दांव में लगी रकम वसूली करने का काम करना बताया था। पुलिस ने योगेश बोधवानी, खाईवाल अजय हरजानी, राहुल तेरसानी, राज चेतानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 7, 1, 112, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर योगेश बोधवानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। चार माह बाद 13 अगस्त को टीआई श्री सिंह, आरक्षक सरफराज खान ने सरकण्डा बंगालीपारा में दबिश देकर घर के पास फरार खाईवाल अजय हरजानी को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं खाईवाल राज चेतानी, राहुल तेरसानी अब भी फरार हैं।

### ई रिक्शा चालक ने यात्री को मारा चाकू

**बिलासपुर**। शराब के लिए पैसा नहीं देने पर ई रिक्शा चालक ने यात्री के साथ गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, जयरामनगर भनेशर निवासी मार्डन पाटले बिलासपुर पुराना बस स्टैण्ड शर्मा लॉज में मैनेजर व उसका दोस्त अजय निषाद साफ सफाई का काम करता है। 12 अगस्त को दोनों गांव जाने के लिए ई रिक्शा में बैठकर रेलवे स्टेशन जा रहे थे। चालक जगन्नाथ मंदिर के पीछे इमली पेड़ के पास लेकर गया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर चालक ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके बांए हाथ में चोट लगी। उसके बाद दोनों दोस्त वहां से भाग निकले। ई रिक्सा में उनका बेग छूट गया, जिसमें मोबाइल, 700 रुपए, एटीएम कार्ड, आधारकार्ड, पैन कार्ड रखा हुआ है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मुनाफा कमाने का झांसा देकर 12लाख की ठगी

**बिलासपुर**। रेलवे के एक रिटायर्ड गैंगमैन से परिचित ने एलआईसी में सुरक्षित निवेश का झांसा देकर 12 लाख रुपये चिटफंड कंपनी में जमा करा दिए। कंपनी के कर्ताधर्ता फरार होने पर पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार कतियापारा में रहने वाले पतिराम गढेवाल को रिटायरमेंट के बाद 12 लाख रुपये मिले थे। उनका परिचय बलराम प्रसाद देवांगन से हुआ। उसने एलआईसी में रुपये जमा कराने पर ज्यादा मुनाफा मिलने की बात कही। उन्होंने दो चेक देकर बलराम को रुपये सौंप दिए। बलराम ने यह रकम ग्लोबल माइक्रो फायनेंस नामक चिटफंड कंपनी में जमा कर दी। कुछ समय बाद पता चला कि कंपनी के डायरेक्टर कारोबार समेटकर फरार हो गए हैं। पीड़ित ने बलराम से पैसे लौटाने को कहा, लेकिन उसने टालमटोल शुरू कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सिविल लाइन पुलिस ने बलराम प्रसाद देवांगन और चिटफंड कंपनी के डायरेक्टरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### नगर निगम की कारवाई पर व्यापारियों ने जताया विरोध

**बिलासपुर**। नगर निगम कि कचरा पेट्रोलिंग टीम द्वारा कचरे और अतिक्रमण पर की जा रही कारवाई और जुर्माना को लेकर लगातार विवाद की बातें सामने आ रही हैं। व्यापारी जहां इसे जबरिया वसूली बता रहे हैं, तो निगम इससे नियमों के तहत की जारी करवाई बता रहा है।

ज्ञात हो की नगर निगम ने कचरा सफाई अभियान से लेकर सस्ता सर्वेक्षण में बेहतरीन के लिए पेट्रोलियम टीम का गठन किया है। यह टीम शहर भर में घूमकर कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगा रही है। इसी के तहत यह पेट्रोलियम टीम जूना बिलासपुर पहुंची थी जहां व्यापारियों द्वारा सड़क पर पंडाल लगाकर जन्माष्टमी और दूसरे सामान की बिक्री की जा रही थी। निगम के मुताबिक इन लोगों ने कचरा भी फैला लिया था और सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया था, इसी के साथ 1000 की पेनाल्टी लगाते हुए रसीद काटी गई। व्यापारियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया और इसे जबरिया वसूली बताया। निगम के मुताबिक जन्माष्टमी और 15 अगस्त के त्योहारों को लेकर व्यापारियों को ढाई फीट तक सड़क पर पंडाल लगाने की अनुमति दी गई है, लेकिन कई व्यापारी 10 फीट तक कब्जा कर लिए हैं इसके साथ ही कचरा भी फैलाया जा रहा है।










सुमीत बाजार™
क्या ?
किंग साईज बेडशीट,
प्रीमियम ब्रांडेड डफल बैग
टॉवेल गिफ्ट सेट, ट्रॉली सूटकेस...
सिर्फ 79/-* में
Impossible!
Possible हैं!
इंतजार कीजिये
कल तक
सुमीत बाजार के सभी स्टोर्स पर...

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दगोरी में 40 गर्भवती महिलाओं ने कराई जांच



**दगोरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत 40 गर्भवती माताओं की जांच मेडिकल आफिसर डा. मंजूलता वर्मा ने किया। ब्लड सैंपल कलेक्शन एमएलटी वरुण कौशल ने किया। सहयोग करने वालो में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, स्टॉफ नर्स सुषमा सन्नाट, खिलेश्वरी, आरएचओ सुमित्रा मसीह, उमा मनहर, रोहित कौशिक, सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा केरकेट्टा, रवीना सोनवानी, जितेंद्र बंधे, प्रहलाद कौशिक, राजकुमार ध्रुव थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गर्भवती माताएं, शिशुवती, समूह की माताएं सहयोगी जन ग्रामवासी उपस्थित थे।

### स्कूल में पढ़ाई हो रही है या नहीं पालक इसकी जांच करें



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका मुंगेली में पालक-शिक्षक की मेगा बैठक रखी गई। जिसमें कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में नोडल अधिकारी भू-अधीक्षक ऋचा गुप्ता एवं शाला प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। ऋचा गुप्ता ने पालकों से चर्चा में कहा कि छात्रों को प्रतिदिन स्कूल भेजें तथा शाला से आने के बाद उनके कापी चेक करें तथा प्रतिदिन पढ़ाई हो रही है या नहीं इस पर ध्यान दें। शाला के प्राचार्य विजय कुमार सोनी ने छात्रों से कहा कि प्रतिदिन गणवेश में आये एवं शाला के नियमों का पालन करें एवं अनुशासन बनाये रखें। 90 प्लस के अंतर्गत ऐसे छात्र जो प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किए है उन्हे प्रमाण पत्र दिया जायेगा एवं हर माह जांच परीक्षा होगी। कार्यक्रम में प्रवीण सोनी, आकाश सोनी, संदीप ताम्रकार, रितेश जैन, शेख मोहम्मद, नंदकिशोर बैस, दिलीप कुमार, ठाकुर राम, विमल श्रीवास, आरएस राय, नेताम सर, लता ठाकुर, खूबचंद देवांगन, कु. चांदनी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केएल देवांगन द्वारा किया गया।

### वडनगर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुंगेली के दो विद्यार्थी



**मुंगेली।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय को नोडल विद्यालय के रूप में समन्वय के लिए चुना गया था। जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इन 100 प्रतिभागियों में से सिर्फ 2 विद्यार्थियों का चयन उनकी प्रतिभा और उनकी प्रस्तुति के आधार पर निर्णायक मंडलों द्वारा किया गया था। जिनमें से दो चयनित प्रतिभागियों गौरव साहू एवं जिया यादव ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित प्रेरणा प्रोग्राम के 62वें बैच का आयोजन 2 से 9 अगस्त तक वडनगर जिला मेहसाना गुजरात में किया गया। जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य से मुंगेली जिले के दो विद्यार्थी इस कार्यक्रम में सम्मलित हुए। इसके लिए पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय मुंगेली को नोडल विद्यालय के रूप में समन्वय के लिए चुना गया था। जिसमें उक्त कार्यक्रम के लिए मुंगेली जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इन 100 प्रतिभागियों में से सिर्फ 2 विद्यार्थियों का चयन उनकी प्रतिभा और उनकी प्रस्तुति के आधार पर निर्णायक मंडलों द्वारा किया गया था। जिनमें से दो चयनित प्रतिभागियों गौरव साहू एवं जिया यादव ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यार्थियों को वडनगर जिला मेहसाना गुजरात तक ले जाने के लिए छात्रा की विद्यालय की एक महिला शिक्षिका बिन्देश्वरी पैकारा को मार्ग अनुरक्षिका निर्धारित किया गया।

### संदीप लाल बने संघर्ष समिति के प्रवक्ता

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ डायोसिस की संस्थानों एवं कलीसियाओं को बचाने के लिए संघर्ष समिति का गठन किया गया। मुंगेली के संदीप लाल प्रवक्ता चुने गए। चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के छत्तीसगढ़ डायोसिस का गठन 2010 में इस उम्मीद के साथ किया गया कि नए दर्शन के साथ विकास के कार्य किए जाएंगे। एक तरफ कलीसिया व संस्थाओं के कर्मचारी आंसू बहा रहे हैं जिसकी संस्था के पदाधिकारी सुधि नही लेते, बार-बार शिकायत करने के बाद भी उच्च अधिकारियों ने भी अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न कलीसियाओं के सैकड़ों सम्मानित प्रबुद्धजन एक साथ रायपुर में जमा हुए और उन्होंने संपति व संस्थाओं को बचाने के लिए एवं एकता सेवा गवाही को मजबूत करने, सुधार आंदोलन हेतु एक समिति छत्तीसगढ़ डायोसिस बचाओ संघर्ष समिति का गठन सकारात्मक कार्य के लिए किया गया है। जिसके अध्यक्ष अजय जॉन, उपाध्यक्ष रेव्ह.अजय मार्टिन, शशि वाघे, रेव्ह.सैमसन शेमुएल, सचिव रेव्ह.अतुल आर्थर, सह सचिव व्ही.के.सिंह, कोषाध्यक्ष नीलिमा रॉबिन्स, प्रवक्ता संदीप लाल, लीगल एडवाइजर एडवोकेट रेव्ह.के.एम. बर्मन, एडवोकेट एम.जे.राव, महिला अध्यक्ष अपर्णा कौशिक, मनीषा कुलदीप, युवा अध्यक्ष सैम अली, सेंट्रल कमेटी यशराज सिंह, वीनू बेनेट, अनुराग प्रकाश, महेंद्र मंडल, सपना किशोर, संरक्षक- बिशप रॉबर्ट अली शामिल हैं।

### भाजपा का जिला स्तरीय विभाजन विभीषिका कार्यक्रम आज

**मुंगेली।** राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा की ओर से गुरुवार दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय विभाजन विभीषिका कार्यक्रम का आयोजन उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय झूलेलाल धाम में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के जिला संयोजक शैलेश पाठक ने बताया कि 14 अगस्त गुरुवार को भाजपा द्वारा दोपहर 12 बजे विभाजन विभीषिका कार्यक्रम का आयोजन रायपुर रोड स्थित झूलेलाल धाम में किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मुंगेली विधायक एवं पूर्वमंत्री पुन्नूलाल मोहले शामिल होंगे। साथ ही विभाजन विभाजन विभीषिका पर किताब लिखने वाले सुनील आडवाणी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला भाजपा के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं पदाधिकारी सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, इकाई अध्यक्ष को जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता, गुरमीत सलुजा, जिला संयोजक शैलेश पाठक सह संयोजक अम्बालिका साहू ने आमंत्रित किया है।

# तिरंगा राष्ट्रीय एकता, सौहार्द्र व स्वतंत्रता आंदोलन के त्याग का प्रतीकः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



■ बिल्हा विधायक के नेतृत्व में ग्राम धमनी से निकली तिरंगा यात्रा

स्वतंत्रता दिवस से पहले देशभर में पूरे उत्साह और उमंग के साथ तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिसमें आम लोगों के साथ कई वीआईपी भी भाग ले रहे हैं। बता दें कि ये तिरंगा यात्राएं 'आजादी का अमृत महोत्सव' का हिस्सा हैं। इसी के तहत मंगलवार को सरगांव के मनियारी नदी से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो मनियारी, धमनी, ककेड़ी, उमरिया, बावली, बीदबीदा से होते हुए सरगांव में समाप्त हुई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर इस वर्ष सरकार ने हर घर तिरंगा का संकल्प लिया है।

भारत ने आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। जिन माताओं का बेटा खोया, जिन बहनों का सुहाग उजड़ा और जिन बच्चों ने अपने पिता खोये उन सभी के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। आज देश के वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा हमारी राष्ट्रीय एकता, बलिदान और गौरव का सशक्त प्रतीक बनी। इस तिरंगा यात्रा का इसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना और राष्ट्रीय एकता को और अधिक सशक्त बनाना है।" उन्होंने कहा कि ध्वज हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। "हर घर ध्वज" अभियान का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं है, बल्कि हमारे समर्थकों और बलिदानियों की पहचान है। उन्होंने सभी लोगों से "हर घर" अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्साह और देशभक्ति से ओतप्रोत यह यात्रा देशभक्ति के नारों और उल्लासपूर्ण माहौल के साथ सफलता से सम्पूर्ण हुई है। हर भारतीय को जिस तिरंगे पर नाज़ है वह तिरंगा आज विश्व क्षितिज पर गर्व और स्वाभिमान से लहरा रहा है।

कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, तिरंगा यात्रा जिला संयोजक अंबालिका साहू, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नपा अध्यक्ष परमानंद साहू, जिपं सदस्य रिजवान हक, चंद्रशेखर कौशिक,संजीव नेताम, रणजीत सिंह हैप्पी होरा, मनीष साहू, सुंदर साहू,अनिला साहू, दिनेश जायसवाल, राज कौशिक, असद मोहम्मद मेक के साथ-साथ बड़ी संख्या में भाजपा के पुरूष और महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेंड्रा भाजपा मंडल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**पेंड्रा।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भाजपा मंडल पेंड्रा की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा की शुरुआत श्रीराम मंदिर पेंड्रा से हुई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए नगर के विभिन्न इलाकों में पहुंची। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि, तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारे गौरव, बलिदान और देशभक्ति का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का समापन नया बस स्टैंड पेंड्रा मे राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा में मुख्य रूप से मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, नगर मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन, जिला तिरंगा यात्रा के संयोजक एवं प्रभारी छोटेलाल सोनी, मंडल महामंत्री कंचन सिंह, पेंड्रा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजकुमार पुरी, अरुण तिवारी, डॉक्टर प्रवीण राय, राम जी श्रीवास, मनीष श्रीवास, महेश मिश्रा, राम बहादुर सिंह, निर्माण जायसवाल, आनंद साहू, विमल मिश्रा, अनुपम पांडे, दीपक गुप्ता, पवन माझी, सुरेश गुप्ता, नरेंद्र राठौड़, गोलू राठौड़, आदित्य पांडे, दुर्गी कॉल, मीनाक्षी यादव, गीता सारथी, डॉक्टर दिलीप राय, हेमराज राठौर, भूधर सोनी, कुलदीप शुक्ला, शिवकुमार कांची, विक्की राठौड़, हरवंश गुप्ता, विवेक जायसवाल, अनुपम पांडे, कमलेश चौधरी, सुनंद राम चौधरी, अजय राय, पार्षद कुलदीप शुक्ला, महेश मिश्रा, विद्यार्थी परिषद से श्रेयांश पांडेय, आदित्य चतुर्वेदी, वैभव यादव, अंजली गुप्ता, अरुण राठौर, यश राठौर, नील नामदेव, श्रद्धा दुबे सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली



**लोरमी।** ग्राम परसवारा में हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्राथमिक शाला के बच्चे और ग्रामीणों की उपस्थिति में रैली निकाली गई। रैली में प्रमुख रूप से जनपद सभापति आदित्य ध्रुव, सरपंच अनुपा खुसरो, उपसरपंच यशोदा ध्रुव, पंच रतिराम जगत, पंचदेव ध्रुव, शत्रुहन पोर्ते, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी जायसवाल, ग्राम सचिव सुभाष भार्गव, रोजगार सहायक रमाकांत ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुमन खुसरो, रामकुमार ध्रुव, प्राथमिक शाला से अनिता मरावी, संगीता तिवारी, मंजुबाला जायसवाल, सूरज तिवारी, राजकुमारी ध्रुव, परागा यादव, विश्वासा यादव, अनिता ध्रुव सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान सभापति और सरपंच ने बच्चों को टाफियां बांट कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

## ग्राम प्रधानों की अगुआई में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा



**जरहागांव।** ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों की अगुआई में सैकड़ों की संख्या में एकत्र होकर लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान गांव की गलियों का भ्रमण कर लोग देशभक्ति गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। गांव लोहड़िया के सरपंच प्रतिनिधि शंभु कश्यप, छतौना श्रीकांत कश्यप, दशरंगपुर लक्ष्मी चंद मोहले, बरदुली तुकाराम साहू, भठलीकला देवी साहू, सेमरचुआ टेकलाल पटेल, भथरी संतोष बंजारे, पदमपुर अनिल जायसवाल, बिरगहनी मिलन कुर्रे, बिरगांव विनोद कश्यप, केशरवाडीह धन टंडन, टर्कीडीह रेमन साहू, डोमनपुर संतोष खांडे के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद उपाध्यक्ष पद्मनी मोहले, जनपद सदस्य पवन पांडे, राज साहू, दुर्गेश साहू, नरेश पटेल, वेदप्रकाश कश्यप, मनोज कश्यप, अश्वनी कश्यप, तरुण साहू, राकेश सिंह बेस, विजय दिवान, संजय धुरी, राजकुमार साहू, प्रदीप धुरी, संजय निर्मकलर, नोहर सिंह ठाकुर के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने हाथ में तिरंगा लेकर गांव की गलियों में भ्रमण कर घर-घर तिरंगा लहराने अह्वान किया।

## दशगात्र में दूषित भोजन करने से 74 लोग डायरिया का शिकार



ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श देते सीएमएचओ एवं डीपीएम।

**मुंगेली।** ग्राम नवागांव चीनू में 74 लोग डायरिया से प्रभावित हो गए, जिसमें 45 पुरुष, 16 महिलाएं और 13 बच्चे शामिल हैं। दशगात्र कार्यक्रम में भोजन करने वाले 10 लोगों को डायरिया की शिकायत होने पर स्वास्थ्य विभाग एवं नर्सिंग स्टाफ ने तत्काल गांव के सभी घरों में भ्रमण कर परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं आवश्यक दवाइयां देकर उचित परामर्श दिया।

ग्राम नवागांव चीनू में दशगात्र के दौरान दूषित भोजन करने से लोगों की तबियत बिगड़ने की सूचना मिली। उल्टी–दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने की सूचना मिलते ही कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल संज्ञान लेकर राहत एवं उपचार अभियान शुरू किया। सीएमएचओ डॉ शीला साहा ने बताया कि दशगात्र कार्यक्रम में भोजन करने वाले 10 लोगों को डायरिया की शिकायत होने पर स्वास्थ्य विभाग एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा तत्काल गांव में सभी घरों में भ्रमण कर परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाईयां एवं परामर्श दिया गया। उन्होंने बताया कि दशगात्र कार्यक्रम में दूषित भोजन से गांव के 74 लोग प्रभावित पाए गए, जिसमें 45 पुरुष, 16 महिलाएं और 13 बच्चे शामिल हैं। सीएमएचओ डॉ शीला साहा ने बताया कि आरएमए, आरएचओ, सीएचओ एवं मितानिन दल सहित पूरा स्वास्थ्य अमला गांव में घर-घर जाकर सर्वे कर प्रभावित मरीजों की पहचान की और तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया।

### स्वतंत्रता दिवसः कल नहीं बिकेगी शराब

**मुंगेली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने 15 अगस्त को 01 दिन के लिए जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ), देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ कम्पोजिट) शॉप, विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल-1 (घघ) की फुटकर दुकानें, सी.एस.-2(ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल-1 (ख-अहाता) तथा एफ. एल. 3 होटल बार और होटल सिटी पैलेस बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## साव ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई बस



**लोरमी।** 13 अगस्त उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सुदूर वन्य क्षेत्र अचानकमार एवं अन्य वन ग्रामों के हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी के छात्रों के लिए निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई। बस सुविधा मिलने से पालकों एवं छात्रों में खुशी का माहौल है।

ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक अरुण साव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की हैं। ग्रामीणों ने कहा कि, अरुण साव परिवार के सदस्य की तरह हैं, और हमारी सभी समस्याओं का तत्काल समाधान कर रहे हैं। वहीं अरुण साव ने भी कहा कि, अचानकमार क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य हैं, और उनकी हर समस्या का समाधान करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि, बच्चों की पढ़ाई और विकास को ध्यान में रखकर निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई है, यह जनजातीय छात्रों के उज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि अचानकमार एवं आस-पास के वन ग्रामें के ग्रामीणों ने 10 अगस्त को उपमुख्यमंत्री साव उनके से नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात की थी। इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों की समस्या से श्री साव को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 40 छात्र अचानकमार गांव से टाइगर रिजर्व के 12 किमी घने जंगल का रास्ता पार कर शिवतराई स्कूल पढ़ने के लिए जाते हैं। इसमें 32 छात्र अचानकमार और 8 छात्र छपरवा के हैं। अचानकमार के 6 बच्चे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा जनजाति के बच्चे हैं। छात्रों ने बताया कि 12 किलोमीटर के घने जंगल में कोई बसाहट नहीं है, इस दौरान वन्य जीवों का खतरा बना रहता है। साथ ही बारिश होने पर स्कूल जाने में परेशानी होती है। उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने उचित सुविधा की मांग की। इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने क्षेत्र के लोगों एवं स्कूली बच्चों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अचानकमार टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक डीडी गणेशन से मोबाइल पर बात की, और बच्चों के लिए अतिशीघ्र परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर, एसपी ने किया 15 अगस्त तैयारियों का निरीक्षण



**मुंगेली।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में होगा। इसको लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने संयुक्त रूप से बुधवापर को स्टेडियम में मुख्य समारोह के अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। स्टेडियम में अंतिम अभ्यास के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण कर सलामी दी। जिला स्तरीय कार्यक्रम का मिनट्स टू मिनट्स अभ्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एसएनजी कॉलेज के दीक्षारंभ समारोह में शामिल होंगे साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली





पूर्व में एसएनजी कॉलेज के छात्र रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव कालेज में गुरुवार 14 अगस्त को होने वाले दीक्षारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

एसएनजी कालेज में 14 अगस्त गुरुवार को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिवार की ओर से किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे। ज्ञात हो कि, डिप्टी सीएम अरुण साव एसएनजी कालेज के छात्र रहें हैं, और छात्र राजनीति अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू की थी। वे विद्यार्थी परिषद, फिर युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री तथा हाईकोर्ट में उप महाधिवक्ता रहे। इसके बाद बिलासपुर लोकसभा से सांसद रहे हैं और प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में वे जिले के लोरमी विधानसभा क्षेत्र से विधायक और प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एक और पूर्व छात्र तथा पूर्व मंत्री एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में भी पूर्व छात्र एवं एसएनजी महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य रजत दवे ने बताया कि दीक्षारम्भ समारोह गुरुवार को दोपहर 12 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई है जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### शासन के निर्देश के अनुरूप मेगा शिक्षक-पालक सम्मेलन

# शिक्षक-पालक सम्मेलन में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



शासकीय सरदार तारा सिंह बुद्ध सिंह विद्यालय बुढ़ीखार में शासन के निर्देश के अनुरूप मेगा शिक्षक-पालक सम्मेलन आयोजित किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के वरिष्ठ सदस्यों एवं पंचायत के प्रमुखों ने शालेय गतिविधियों पर चर्चा की गई।

अध्यापन व्यवस्था में गति लाने हेतु पालकों से विचार विमर्श किया गया। मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन में सभी उपस्थित पालकों ने अच्छे अध्यापन व्यवस्था एवं बच्चों के चौमुखी विकास के लिए सुझाव दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्रमुख काशीराम रजक ने शालेय गतिविधियों पर जोर देते हुए कहा, कि हमारे बच्चों के अध्यापन हेतु मात्र तीन कक्षाएं हैं, जो अपर्याप्त हैं। कक्षा के अभाव में अनेक गतिविधियां जैसे कंप्यूटर, व्यावसायिक शिक्षा, प्रायोगिक कार्य, प्रभावित होती हैं। संस्था के अनेकों बार उच्च कार्यालय को आवेदन करने के बावजूद आज तक इसमें सफलता नहीं मिल पाई है, जो खेद का विषय है। उन्होंने कहा कि, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को माह के अंतिम दिवस पुरस्कृत किया जाता है। मलखंब प्रतियोगिता में इस संस्था के बच्चे राज्य स्तर पर भी गए हैं, कला उत्सव की भी तैयारी चल रही है।

उन्होंने जाति, आमदनी, निवास, पुस्तक, साइकिल सहित सभी बातों पर जोर देते हुए कहा कि, बच्चों को आगे बढ़ाने में पालक-शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक के साथ ही पालकों को भी विद्यार्थी को पढ़ने का वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए। शिक्षकों पर बोलते हुए प्राचार्य ने कहा जो शिक्षक केवल घड़ी देखकर के समय पर आते हैं और समय जाने के लिए समय देखते हैं, उससे बच्चों का विकास नहीं होगा।

कार्यक्रम में उप सरपंच संतोषी भैना, शाला विकास समिति के सदस्य बालमुकुंद वैष्णव, भरत थवाईत रामझूल केंवट, घनश्याम रजवार ,राजेंद्र कुमार साहू ,बहोरन,रुक्मणी कैवर्त, सत्या थवाईत सहित लगभग 53 पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए बच्चों बच्चों के भविष्य निर्धारण के लिए अपनी बातें रखी। इस अवसर पर संस्था के सभी सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र सिंह महिलांगे व प्रकाश कुमार कौशिक ने किया एवं आभार कल्पना टंडन ने किया।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मानियारी सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक कर एग्री स्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने भुइयां पोर्टल और पीएम किसान पोर्टल की अद्यतन जानकारी ली।

कलेक्टर ने वास्तविक किसानों की पहचान, धान बेचने वाले किसानों की संख्या और भू-स्वामित्व योजना की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही बायोमेट्रिक फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेकर निर्देश दिए कि किसानों को इसके फायदे प्रचार–प्रसार के माध्यम से व्यापक रूप से बताएं, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कृषि विभाग के साथ समन्वय बनाकर नियमित रूप से कृषि जन चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके। बैठक में राजस्व कार्यों की प्रगति, किसानों से जुड़े मुद्दों और शासन की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने सर्वेयर कार्य में सामने आई गड़बड़ियों पर विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गिरदावरी के कार्य को गति देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि, जिले के सभी गांवों में निर्धारित समयसीमा में यह कार्य पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी शक्तियों और अधिकारों का समुचित उपयोग करते हुए किसानों के कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अपने न्यायालयों में मामलों की समय-सीमा तय करने कहा, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो।